डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 जून 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
39 अधिकतम
28 न्यूनतम



Page- 7



### मोदी 2.0 के कुछ चर्चित चेहरे इस बार होंगे ड्रॉप, गठबंधन का असर आया नजर, कई नई एंट्री

# शाम को मोदी की शपथ, मंत्री बनाने तीन दर्जन सांसदों के फोन की बजी घंटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज शाम प्रधानमंत्री पद के लिये तीसरी बार नरेंद्र मोदी के शपथ लेने से पहले उनकी कैबिनेट के संभावित मंत्रियों के पास फोन पहुंचने लगे हैं। करीब तीन दर्जन सांसदों को पीएम हाउस भी बुलाया गया है, जहां मोदी खुद उनसे बात कर रहे हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ भी सामने नहीं आया है। मगर मोदी की कार्यशैली रही है कि वे संभावित मंत्रियों को शपथ से पहले बुलाकर बात करते रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा नेता पीयूष गोयल, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, जेडीएस नेता कुमारस्वामी, हम पार्टी के जीतनराम मांझी, आरएलडी के जयंत चौधरी, एलजेपी (आर) के चिराग पासवान, जेडीयू नेता रामनाथ ठाकुर और अपना दल की अनुप्रिया पटेल को मंत्री बनाने के संकेत दे दिये गये हैं। भाजपा पंजाब से हारे अपने नेता रवनीत बिट्ट को मंत्री बनाने जा रही है। वहीं जनता दल यू के ललन सिंह को कैबिनेट मंत्री व रामनाथ ठाकुर को राज्यमंत्री बनाया जा रहा है, जो कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं। माना जा रहा है कि गठबंधन के दबाव के बावजूद भाजपा ने तय किया है कि वह वित्त, गृह, रक्षा व विदेश विभाग अपने पास रखेगी। इसके लिये सहयोगी दलों से लगातार बात की जा रही है। आज सांसद सुबह 11.30 बजे से प्रधानमंत्री आवास पहुंचना शुरू हो गये थे। इस बीच, टीडीपी सांसद जयदेव गल्ला ने 'एक्स' पर लिखा कि पार्टी सांसद राममोहन नायडू कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेंगे और एक अन्य सांसद चंद्रशेखर पेम्मासानी को राज्य मंत्री बनाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार 3.0 का शपथ ग्रहण आज शाम को होना है। इसके पहले पीएम मोदी सुबह से ही एक्शन में हैं। वे सबसे पहले सुबह राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि 'सदैव अटल' पर भी पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। शपथ ग्रहण समारोह में शाम को कई देशों के राष्ट्रप्रमुख भी शामिल हो रहे है। कार्यक्रम में वंदेभारत ट्रेन की पायलट श्रीजी श्रीवास्तव को भी खास तौर पर बुलाया गया है तो नए संसद भवन व अन्य योजनाओं के कामगारों व सरकारी योजना के लाभार्थियों को भी समारोह के लिये आमंत्रित करने की खबर हैं।



### तीन या चार, मप्र के लिए फार्मूला क्या !

मोदी कैबिनेट में शामिल होने वाले मंत्रियों में मप्र कोटा काफी महत्वपूर्ण हो गया है। यहां की सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत के बाद तय माना जा रहा है कि मप्र से कम से कम चार सांसदों को बतौर मंत्री जगह मिलेगी। इनमें आदिवासी, दलित, सामान्य व ओबीसी वर्ग से मंत्री बनाने के आसार हैं। हालांकि दोपहर तक शिवराज-सिंधिया व सावित्री ठाकुर के नामों की चर्चा रही है। यद्यपि इस बारे में पूछे जाने पर दिल्ली में शिवराज ने मीडिया के समक्ष अनभिज्ञता जताई। मप्र से वीडी शर्मा भी प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।





### कांग्रेस की मौजूदगी पर सस्पेंस खत्म

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए कल देर रात फोन किया है लेकिन खरगे के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पर सस्पेस आज दोपहर खत्म हुआ वे कार्यक्रम में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए देशभर के सांसदों के साथ ही विदेशी मेहमानों का पहुंचना जारी है।

## कंगना थप्पड़ मामले की जांच जारी, कुलविंदर ने माफी मांगी!

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ जवान ने अब अपने अफसरों के समक्ष माफी मांगी है। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी विनय काजला ने कहा है कि घटना के बाद वो चंडीगढ़ एयरोपोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने पूरी जानकारी ली। मोहाली पुलिस ने कुलविंदर के खिलाफ धारा 323 और 341 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों जमानती धाराएं हैं। काजला ने माना कि सुरक्षा लापरवाही की जांच शुरू कर दी गई है। काजला के मुताबिक वे खुद कंगना से मुलाकात कर चुके हैं तथा इस घटना के लिए माफी भी मांगी है। आरोपी कुलविंदर कौर भी अब माफी मांग रही है।



## ध्रुपद संगीत कलाकार पंडित रामकुमार मल्लिक का निधन



**पटना, एजेंसी।** ध्रुपद संगीत के मशहूर कलाकर पंडित रामकुमार मल्लिक का निधन हो गया। वह 73 साल के थे। दरभंगा के बहेड़ी प्रखंड के आमता गांव स्थित अपने पैतृक घर में देर रात हृदयगति रूकने से उन्होंने दम तोड़ दिया। इसी साल उन्होंने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अमता घराना के ध्रुपद संगीत के क्षेत्र में उन्होंने महारथ हासिल कर रखी थी। वह पंडित विदुर मल्लिक के पुत्र व शिष्य थे। मल्लिक ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी गायकी का लोहा मनवाया। कई सम्मानों से अलंकृत थे।

## जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट घोषित, इंदौर के वेद टॉपर

**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस्ड 2024 रिजल्ट जारी हो गया है। आईआईटी दिल्ली जोन के वेट लाहोटी ने 360 में से 355 अंकों के साथ आईआईटी एंट्रेंस एग्जाम में टॉप किया है। बताया जाता है कि वेद लाहोटी इंदौर के रहने वाले हैं, उन्होंने कोटा में रहकर एग्जाम की तैयारी की। वहीं, लड़कियों में आईआईटी बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल ने 360 में से 332 अंकों के साथ टॉप किया है। जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट और स्कोर कार्ड द्भद्दद्गड्डस्र1.ड्ढ.द्बठ्ठ पर जाकर देख सकते हैं। बता दें कि जेईई एडवांस्ड 2024 में पेपर 1 और पेपर 2 में करीब 1,80,200 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 48,248 परीक्षार्थी पास हुए हैं, जिसमें 7,964 महिला उम्मीदवार हैं। जेईई एडवांस्ड रिजल्ट आईआईटी मद्रास ने फाइनल आंसर की भी जारी की है।

## सीएम ने सिध्दनाथ घाट पर चलाया सफाई अभियान



**नेमावर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सुबह देवास जिले के दूरस्थ अंचल नेमावर पहुंचे। यहां उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिद्धनाथ घाट पर नर्मदा पूजन किया। उन्होंने घाट पर साफ सफाई भी की। मुख्यमंत्री ने साधु संतों का सम्मान करके उनसे आशीर्वाद लिया। घाट किनारे अपने संबोधन में उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में तीज, त्योहार, पर्वों का अपना महत्व है। इनको ऋतु और मौसम के हिसाब से ऋषि मुनियों ने अपनी तपस्या, साधना से निर्धारित कर उपहार के रूप में हमें दिया है। उन्होंने कहा कि नदी, नाले, कुएं, बावड़ियों, तालाब को व्यवस्थित कर उन्हें संरक्षित करने और जल संग्रहण की क्षमता बढ़ाने के लिए 16 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** | वर्ल्ड कप का बहुचर्चित मुकाबला आज

# महामुकाबला...मगर भारत के लिए नहीं!



आलोक गोस्वामी

टी20 वर्ल्ड कप में एक के बाद एक उलटफेर के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट की सबसे बहुचर्चित भिड़ंत भारत-पाकिस्तान मैच आज शाम होगा। दोनों देशों के बीच राजनायिक रिश्तों की वजह से कोई भी द्विपक्षीय सीरीज न खेली जाने की वजह से इनके बीच होने सभी मैच महामुकाबले कहे जाने लगे हैं। वैसे तो किसी भी वर्ल्ड कप के टूर्नामेंट में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड-ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान-बांग्लादेश की भिड़ंत भी किसी मायने में महामुकाबले से कम नहीं होती है। अब तो श्रीलंका-बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच भी नागिन डाँस की वजह से इसी श्रेणी में आते हैं।

मतलब साफ है कि वर्ल्ड कप कुछ मुकाबलों को छोड़ कर ज्यादातर मुकाबले महामुकाबले ही कहे जाने चाहिए। दोनों टीमों के बीच हुई भिड़ंत पर गौर करें तो भारतीय टीम ने 85फीसदी से अधिक मैचों में पाक टीम को धूल चटाई है। इस तरह के आंकडे होने के बाद भी हमेशा इसे महामुबला बोलना समझ से परे है। खैर, इस भिड़ंत की बात करें तो मैच में भारतीय टीम की तुलना में पाकिस्तान टीम ज्यादा मानसिक दवाब में रहने वाली है। पाकिस्तान को पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा है अब इस मैच में भारत से हारने पर पाकिस्तान की सुपर-8 में पहुंचने की राह लगभग असंभव हो जाएगी। वहीं रोहित सेना ने दमदार जीत से सफर का आगाज किया है। इसी वजह से यह मुकाबला पाकिस्तान के लिए करो या मरो मुकाबला है।

खास बात यह कि अभी तक सुपर 8 दौर की दौड़ के लिए खेले जा रहे लीग मैचों में एक के बाद एक उलटफेर देखने को मिले हैं। श्रीलंका, न्यूज़ीलैंड, पकिस्तान को मिली शिकस्तो ने लीग राउंड को रोचक बना दिया है। इन टीमों के लिए अब एक भी हार उसके लिए टूर्नामेंट की विदाई तय कर सकती है। आज के इस रोमांचक मैच की बात करें तो इतिहास के अनुसार भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। लेकिन पाकिस्तान टीम को हमेशा अप्रत्याशित टीम भी कहा जाता है। अभी जरूर पाकिस्तान टीम बिखरी हुई कमजोर नजर आ रही है, लेकिन इसकी बांये हाथ की गेंदबाजी ने टीम इंडिया को हमेशा परेशान किया है। यही वजह है टीम इंडिया ने इस बार बांये हाथ के बल्लेबाजों को बेहतर ढंग से इस्तेमाल करने का प्लान तैयार किया है।



अमेरिका के मैदान की ड्राप इन पिच का रुख भी रोचक रहेगा। मैदान पर भारतीय व अमेरिकी दर्शक भी टीम इंडिया का ही सपोर्ट करते नजर आयेंगे, क्योंकि उनको भारत की जीत से अमेरीका के सुपर8 के दरवाजे खुलने की आस है। मैच में टॉस जीतने वाला कप्तान पहले गेंदबाजी कर पिच को परखने पर दांव खेलते हैं या फिर अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा करते हुए बड़े स्कोर के दवाब का फायदा उठाएंगे। आज का सबसे पेचीदा सवाल यही रहने वाला है। टीम इंडिया की एकादश में कलाई के फिरकी कुलदीप ओर चहल में से किसी एक पर दांव खेलना तय है। भारत के नजरिये से आज का रविवार सुपर से भी ऊपर वाला डुपर सन्डे रहने वाला है। एक ओर जहां नई दिल्ली में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर होगी वहीं न्यूयॉर्क में क्रिकेट का पारा चौथे आसमान पर रहेगा।





# भोपाल के बैरसिया रोड पर सड़कें बदहाल, 10 लाख की आबादी परेशान



**बैरसिया लांबाखेड़ा से भोपाल टाकीज तक लगभग आठ किलोमीटर की सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई गई थी। इस सड़क पर थिंक टैंक गैस कंपनी द्वारा खुदाई के बाद वर्षा में यह सड़क पूरी तरह उखड़ गई। करोंद से निशातपुरा रेलवे फाटक तक नवीन सड़क के निर्माण के कारण हालत और भी बदतर हो गए हैं। इधर डीआइजी बंगला से लेकर सिंधी कालोनी तक सड़क जगह-जगह से जर्जर हो गई हैं।**

## चार घंटे फंसे रहे प्रयागराज के यात्री

# कभी मौसम तो कभी तकनीकी दिक्कतें, लेट हो रही हैं भोपाल से उड़ानें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजा भोज एयरपोर्ट पर भोपाल से प्रयागराज जा रही इंडिगो की उड़ान में टेकआफ के समय अचानक तकनीकी खराबी आने से मुसाफिरों को परेशानी झेलनी पडी। उड़ान समय पर टेकआफ भी नहीं हो सकी। रायपुर उड़ान भी साढ़े तीन घंटे की देरी से पहुंची। दरअसल, प्रयागराज उड़ान हैदराबाद से भोपाल आने के बाद प्रयागराज रवाना होती है। शनिवार को हैदराबाद से तो समय पर विमान आ गया लेकिन यही उड़ान जब प्रयागराज जा रही थी तो इसमें तकनीकी खराबी आ गई। उड़ान संख्या 6-ई 7926 की खराबी को तत्काल ठीक नहीं किया जा सका। प्रयागराज जा रहे कुछ यात्रियों को वाया दिल्ली रवाना किया गया। कुछ यात्रियों ने रिफंड ले लिया। उड़ान में कुल 65 यात्री प्रयागराज जाने वाले थे। इंडिगो के इंजीनियरों ने कुछ



समय बाद विमान की खराबी ठीक कर ली। उड़ान निर्धारित समय से साढ़े चार घंटे विलंब से प्रयागराज के लिए टेकआफ हुई। करीब 50 यात्री इस उड़ान से रवाना हुए। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार तकनीकी कारणों से उड़ान समय पर टेकआफ नहीं हो सकी थी।

इधर, रायपुर से भोपाल आने वाली उड़ान संख्या 6-ई 7371 भी मौसम की खराबी के कारण निर्धारित समय शाम 5.10 बजे के बजाय रात्रि 8.45 राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड हुई। उल्लेखनीय है कि गर्मी एवं मौसम की खराबी के कारण इस माह कई बार उड़ानें लेट हुई हैं।

# संतनगर के जितेंद्र आसनानी बने स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ एमपी

**हिरदाराम नगर।** मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा इटारसी में प्रदेश स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया। प्रतियोगिता में संतनगर के निवासी जितेंद्र आसनानी ने 93 किलोग्राम भार वर्ग ( मास्टर-1 ) में कुल 535 किलोग्राम वजन उठाकर ना केवल प्रथम स्थान प्राप्त किया बल्कि स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ एम.पी. का खिताब भी हासिल किया। वहीं दूसरी और उनकी पत्नी रेनू आसनानी ने 84+ किलोग्राम भार वर्ग ( मास्टर-1 ) में कुल 325 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि दोनों खिलाड़ी अपने वर्ग में पिछले तीन वर्षो से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अगले माह इंदौर में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



# महाराणा जयंती समारोह शुरू



**भोपाल ।** राजपूत समाज संस्था द्वारा आज महाराणा प्रताप की जयंती समारोह की शुरूआत हुई है। संस्था महासचिव दीपक चौहान ने बताया कि 484 वी जयंती पर चार इमली स्थित महाराणा प्रताप भवन पर शाम 4 बजे से जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी ,यह चित्रकला प्रतियोगिता महाराणा प्रताप जी के जीवन पर आधारित होगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 5100 दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। इससे पहले आज समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# शिव महापुराण कथा 24 से 30 तक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था ( भोले का दरबार ) द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक एवं कथा स्थल का निरीक्षण किया गया। बैठक में तय किया गया कि 24 से 30 जून तक शिव महापुराण की कथा का आयोजन होगा, जो सीहोर नाका स्थित मुस्कान गार्डन में होगी। शिव महापुराण कथा संतनगर के कथा वाचक मुकेशजी शिव पुराण सुनाएंगे। कथा हर दिन दोपहर 2.00 से 5.00 तक होगी। कथा की व्यवस्थाओं के लिए टीम गठन किया गया है, जिसमें थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, राष्ट्रीय सिंधी मंच के भोपाल जिला अध्यक्ष और भोले के दरबार के अध्यक्ष हीरो हिंदू, राष्ट्रीय सिंधी मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनलाल उतवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू रामानी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमल मनसुखानी, रमेश वाधवानी, मोहन लालवानी, नानक ददलानी प्रभुदास मूलचंदानी ,विनय कुमार ददलानी , रमेश हिंगोरानी , महेश खटवानी, गुलाब जेठानी, ललित सबनानी, अजीत परदासानी, महेश आहूजा, सुरेश अजवानी , हरीश छुगानी महेश छुगानी चंद्र आसनानी प्रवीण प्रेमचंदानी वाधवानी राकेश बेलानी, ओमप्रकाश रिजवानी, परसराम गिद्वानी जगदीश असवानी कमलेश दलवानी ,बब्बू बेलानी, प्रवीण होतवानी, शमी गंगवानी ,अशोक कुमार ,मधु घनशानी, राजकुमार प्रकाश मीणा रवि लालवानी नरेंद्र टहल्याणी समीर राजानी को शामिल किया गया है। बैठक के बाद कथा स्थल का भी निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा हुई कथा की तैयारी को लेकर शीघ्र ही महिला मंडल की टीम की भी घोषणा की जाएगी।



# पर्यावरण दिवस पर मॉडल एवं पेंटिंग प्रतियोगिता

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

विश्व पर्यावरण दिवस पर संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 'पर्यावरण संरक्षण' मॉडल एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें में संस्थान की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। विभिन्न टीमों ने वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, हरित क्रांति, पौधारोपण का महत्व, रीसायकल, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हीट वेव, ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर अपनी क्रिएटिविटी को शोकेस किया।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए छात्राओं ने विभिन्न मॉडल एवं आकर्षक पेंटिंग के द्वारा रोचक तरीके से अपनी बात रखी। प्रतियोगिता की निर्णायक हुमा खान ने विजेताओं को चुना। प्रथम पुरस्कार ज्योति तोमर, अंशिका साहू, प्रेरणा कथाने एवं अनुष्का उइके की टीम ने हासिल किया। द्वितीय पुरस्कार महक पुन्शी, पलक लख्यानी, अलीना खान एवं कनक विश्वकर्मा की टीम को प्राप्त हुआ।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर छात्राओं की पहल प्रशंसनीय है एवं उसको सबसे पहले अपने प्रयास से प्रारम्भ करना होगा। छोटे-छोटे कदमों से हम एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं, जो एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकता है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया।



**मेट्रो एंकर** — सिंधी अभिनेत्री सिमरन आहूजा संतनगर आई, जल्द रिलीज होगी सिंधी फिल्म 'सिमरन'

# 'सिंधी भाषा के लिए युवाओं को आगे आना होगा'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी एवं हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री सिमरन आहूजा संतनगर में शनिवार को मीडिया से मुखातिब हुईं। जहां फिल्म सिमरन और अपने कॅरियर की कामयाबी को रखा। वहीं कंगना रनौत के सीआईएसएफ सुरक्षा कर्मी द्वारा थप्पड़ मारने पर प्रतिक्रिया दी। मातृभाषा सिंधी के विकास के लिए विकास सभी की प्रतिबद्धता को जरूरी बताया।

सिमरन ने कहा, सिंधी फिल्म छोटे बजट की होती हैं, क्योंकि रिलीज के बाद फ्री टिकट्स या स्पोंसर्स के जरिये दर्शक जुटाती हैं। बड़ा बजट लगाने से निर्माता बचते हैं। लेकिन समय बदल रहा है। टिकट लेकर फिल्म देखने वाले दर्शक बढ़ रहे हैं। कम से कम यह बात फिल्म सिमरन ने तो साबित किया है। उन्होंने कहा, कितनी ही भाषा में हर निपुर्ण हों, हमें महारथ हासिल हो, लेकिन सिंधी भाषा को अपनी जुबान बनाए रखना चाहिए। बस इतना करके ही हम भाषा की सेवा कर पाएंगे।

सिमरन ने अभिनेत्री एवं हिमाचल से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को एक सुरक्षाकर्मी द्वारा थप्पड़ मारने की निंदा की। उन्होंने कहा कोई भी बात हो, कोई भी प्रतिक्रिया हो, लेकिन उसका तरीका अहिंसा नहीं होना चाहिए। जो हुआ वह गलत और निंदनीय है।

पसंदीदा कलाकारों के सवाल पर सिमरन ने बताया कि सलमान और प्रियंका चोपड़ा उनके पसंदीदा कलाकार हैं और वो इनके साथ काम करना चाहेंगी। सिमरन कई हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सिमरन की सिंधी फिल्म सिमरन जल्द भोपाल में रिलीज होगी।



## कहां-कहां हुई शूटिंग

फिल्म में सिमरन में विधवा विवाह को दिखाया गया है। बढ़ती तलाक की समस्या के प्रति भी सचेत किया गया है। बुजुर्गों की सेवा के लिए प्रेरित किया गया है। फिल्म की शूटिंग अमेरिका, कश्मीर व मुंबई में शूटिंग की गई है। फिल्म में सिमरन आहूजा के अलावा राजेश पुरी, गुड्डी मारुति, साधना सिंह, अरमान ताहिल, जीतू वजीरानी ने भूमिकाएं निभाई हैं।

## महत्वाकांक्षा में न भूलें परिवार

**सिमरन थद्धाराम फाउंडेशन के बुलावे पर संतनगर आई थीं। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश ज्ञानचंदानी ने बताया कि सिन्धी भाषा के प्रसार-प्रचार के लिए एक सिन्धी फिल्म 'सिमरन' का निर्माण किया है। यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जो अपने महत्वाकांक्षा में इतनी डूब जाती है कि परिवार के मूल्यों को भूल जाती है। भौतिक उन्नति करने के बाद भी उसे सुख-शांति नहीं मिलती। जब वो लौटकर परिवार में आना चाहती है, तब तक देर हो चुकी होती है। तब वो कहती है कि यदि आपने किसी का दिल दुखाया है, या आपके किसी कर्म से दूसरे को तकलीफ पहुंची है तो तुरंत माफी मांग लें, क्योंकि कल हम हो या न हो।**

# अंदरखाने लामबंद हो रहे कर्मचारी, मंत्री और अफसर अनभिज्ञ

## पदोन्नति, स्थानांतरण, एरियर्स की लंबित राशि, पदों की भर्ती नहीं करने जैसी कई मांगों को लेकर है नाराजगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में कर्मचारियों का एक वर्ग लामबंद हो रहा है। अंदरुनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन व आंदोलन की तैयारियां चल रही है। ये कर्मचारी वेतन में गड़बड़ी किए जाने, पदोन्नति का रास्ता नहीं खोलने, विभागों में खाली पड़े पदों को भरने में गंभीरता नहीं दिखाने जैसी कई मांगों को लेकर नाराज है। इन नाराज कर्मचारियों में सबसे बड़ी संख्या चतुर्थ और तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की है इसके बाद संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी है। वहीं मंत्री और अफसरों को कर्मचारियों की तैयारियों की भनक तक नहीं है।

### किस वर्ग के कर्मचारी इसलिए नाराज

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी –** ये लंबे समय से पदनाम बदलकर कार्यालय सहायक करने की मांग कर रहे हैं। इन्हें अभी भृत्य नाम से बुलाया जाता है, जो कि सम्मान में कहीं न कहीं ठेस पहुंचाने वाला प्रतीत होता है।

**तृतीय श्रेणी कर्मचारी –** महंगाई भते समेत अन्य वित्तीय लाभ केंद्र की तुलना में कई बार देरी से देने के आरोप लगाते आ रहे हैं। इनकी मांग है कि देरी और लाभ देने के बीच के अंतर का जो एरियर्स था उसकी राशि अब तक नहीं दी गई, इसे दी जाए।

**संविदाकर्मी–** तत्कालीन सरकार ने नियमितीकरण को लेकर नीति बनाई थी लेकिन उस अनुरूप नियमितिकरण नहीं हुआ। इनका कहना है कि यही हाल रहा तो गिने–चुने कर्मी ही संविदा से नियमित हो पाएंगे, वास्तविक लाभों से वंचित रह जाएंगे।

**आउटसोर्स कर्मी–** ये शुरू से कम वेतन को लेकर शिकायतें करते आ रहे हैं। इनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। सिस्टम ही इस तरह काम कर रहा है कि इनका शोषण तय है। इनकी मांग है कि सीधे सरकार भुगतान करे और ईपीएफ की राशि काटे, उन्हें निजी एजेंसियों के दंश से बचाया जाए।




### ये तैयारी कर रहे कर्मचारी संगठन

– जिन विभागों के अधिकारी गड़बड़ी कर रहे हैं, उन विभागों के मंत्रियों के बंगलों पर घेराव किया जाएगा।

– ऐसे अधिकारियों की नामजद शिकायत की जाएगी, साथ ही उन्हें कोर्ट में घसीटा जाएगा।

### कर्मचारियों में भय भी

हालांकि कर्मचारियों के एक वर्ग में धरना, प्रदर्शरन व विरोध दर्ज कराने को लेकर भय की स्थिति भी बनी हुई है। कुछ कर्मचारी नेताओं ने बताया कि इस समय सही बात भी सरकार के बैठे कुछ लोगों को उचित नहीं लग रही है। ऐसे में अहित हो सकता है।



## कांग्रेस हाइकमान मप्र की करारी हार की समीक्षा करेगा

# बच गए पटवारी मगर हार की चोट भारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी को फिलहाल तो अभयदान मिल गया है। कल दिल्ली में कार्यसमिति की बैठक में पटवारी को पद पर काम करते रहेने के लिये कहा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सफाए के बाद भी पार्टी के भीतर घमासान छिड़ा हुआ है। पहली बार ऐसा हुआ है कि कांग्रेस मप्र में सभी सीटें हार गई है। इसके चलते जीतू पर इस्तीफे का दबाव था और कई पुराने नेता भी उनसे खिन्न है। अजय सिंह ने तो तीन दिन पहले खुलकर नारजगी जाहिर कर दी है।

दरअसल छह महीने के कार्यकाल में कार्यकरिणी तक नही बना पाने की वजह से भी कांग्रेस का चुनाव मैनेजमेंट गडबडाया रहा। बताया जाता है कि कल बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि किसी को त्याग पत्र देने की आवश्यकता नहीं है। बताया जाता है कि आरोप लगने के बाद पटवारी ने राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते हार के लिए नैतिक जिम्मेदारी मेरी है। इससे पहले माना जा रहा था कि कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में बुरी हार वाले राज्यों को लेकर विशेष बातचीत और कुछ निर्णय हो सकता है, पर ऐसा नहीं हुआ।

### विस्तृत समीक्षा होगी,कमेटी बनेगी

बताया जात है कि राहुल गांधी के निर्देश पर अब मप्र में हार के कारणों की बारीकी से समीक्षा की जाएगी। इसमें पाई जाने वाली कमियों को दूर किया जाएगा। वहीं एक माह के भीतर प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह भी तय हो गया है कि चुनाव के दौरान मप्र में जो नेता भाजपा व दूसरे दलों में चले गए हैं उन्हें किसी हाल में दोबारा पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा। हार के कारणों की समीक्षा के लिये कुछ नेताओं की समिति भी बनेगी। यह क्षेत्रों में जाकर भी हालातों की समीक्षा कर सकती है।

### बचाव में उतरे जयवर्धन

इधर, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बचाव में दिग्विजय सिंह के पुत्र व राघोगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह आए हैं। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से जो हमारा वर्तमान प्रदेश नेतृत्व है, हम उन पर पूरी जिम्मेदारी डालना सही नहीं है। उनको मात्र 6 माह मिले हैं। सिर्फ उन्हें नहीं, हम सबको सोचना है कि जो कांग्रेस की सोच, विचार है वो हर घर तक क्यों नहीं पहुंच पा रहे। अब पार्टी को बहुत गहराई से मंथन करना चाहिए और रणनीति बनानी चाहिए।



# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर प्रदेश भर में उत्सव मना रही भाजपा

## शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर वीडी ने नेता व कार्यकर्ताओं को दिए थे उत्सव मनाने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के उपलक्ष्य में भाजपा उत्साहित है। प्रदेश भर में जश्न मनाए जा रहे हैं। इसको लेकर एक दिन पूर्व शनिवार शाम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी के नेता और और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था और कहा था कि यह ऐतिहासिक क्षण है जब देश में तीसरी बार कोई गैर कांग्रेस प्रधानमंत्री बनने जा रहा है और यह खिताब नरेंद्र मोदी के नाम लिखने वाला है इसलिए उत्साह मनाए। इसमें कोई कमी न छोड़े, इस उत्सव में आम जनता का भी अभिवादन करें। वीडी ने यह संदेश वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिए थे। जिसके बाद प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और मंडल अध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्रों में उत्साह मना रहे हैं, यह उत्साह शाम तक और बढ़ेगा। प्रदेश भर में मंडल स्तर तक रैली निकाली जा रही है आतिशबाजी के बाद लोगों का मुंह मीठा कराया जा रहा है।

### लोगों को बताई जा रही है 10 साल की उपलब्धियां

उत्सव मनाने के साथ–साथ जनता को भाजपाईयों द्वारा 10 वर्षों की उपलब्धियां बता रहे हैं। बीते वर्षों में भाजपा द्वारा चलाई गई गरीब कल्याण और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। जनता जर्नादन को भी मिठाई बांटकर भाजपा को वोट देने के लिए अभिनंदन कर आभार प्रकट किया जा रहा है।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सक्सेना बोले

# 'एक्सीलेंस कॉलेजों को राष्ट्रध्वज के रंगों से संवारें'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता रवि सक्सेना ने मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग से मांग करते हुये कहा है कि प्रदेश के सभी एक्सीलेंस महाविद्यालयों को केसरिया रंग से रंगने के स्थान पर राष्ट्रध्वज तिरंगे के रंगों से रंगकर उन्हें संवारा जाये साथ ही इन महाविद्यालयों को राष्ट्रवादी विचारों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानियों से अवगत कराने वाली वॉल माउंटिंग लगवायें, जिससे आने वाली नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास और भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने वाले इतिहास की जानकारी से परिचित कराया जा सके। सक्सेना ने कहा कि नये शैक्षणिक सत्र से नवाचार के रूप में एकरूपता के विचार का स्वागत है, किंतु महाविद्यलयों पर इस तरह से किसी पार्टी विशेष की विचारधारा का प्रचार प्रसार ना किया जाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को पल्लवित-पुष्पित किया जाना चाहिए। जिससे नई और युवा पीढ़ी पर भी अच्छा प्रभाव पढ़ेगा और राष्ट्रीय भावना का वातावरण निर्मित होगा।

# विवि पीएम-ऊषा के अंतर्गत शोध व अनुसंधान पर विशेष ध्यान दें: मंत्री परमार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में राज्य उच्च शिक्षा परिषद की 8वीं बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम- ऊषा) के विभिन्न घटकों के लिए कुल 565 करोड़ रुपए (केंद्रांश 339 करोड़ एवं राज्यांश 226 करोड़) का अनुमोदन हुआ है। भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप परिषद के बेहतर क्रियान्वयन और प्रभावकारी बनाने के लिए एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि शिक्षा सिर्फ सरकार की ही नहीं, समाज की भी जिम्मेदारी है। इसके लिए जनसहभागिता और संस्थान से शिक्षण प्राप्त करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को भी जो?कर सार्थक सहभागिता करने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश के विश्वविद्यालय पीएम- ऊषा के अंतर्गत शोध एवं अनुसंधान पर विशेष ध्यान दें और इसके लिए प्राप्त राशि में से अधिकतम राशि निर्धारित अनुपात में आवंटित की जाए। इस बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा के.सी. गुप्ता, सचिव तकनीकी शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत बरबड़े, विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलगुरु सहित परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला

# अच्छे मानव संसाधन के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका- प्रमुख सचिव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** किसी राष्ट्र का निर्माण ईंट-सीमेंट से नहीं बल्कि मानव संसाधन से होता है एवं अच्छे मानव संसाधन के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभागीय विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए प्राचार्यों और शिक्षकों में टीम बिल्डिंग और टीम वर्क बहुत जरूरी है। साथ ही टीम में काम का विभाजन भी जरूरी है ताकि प्रोडक्टिव रिजल्ट प्राप्त किए जा सकें। यह बात एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. ई. रमेश कुमार ने कही।





राजधानी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ई.एम.आर.एस.) भोपाल में गुरुवार को जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ईएमआरएस के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा और प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 26 जिलों के 40 प्राचार्य और 80 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान (आर.आई.ई) के विषय विशेषज्ञों और पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

**विद्यार्थियों के करियर बनाने में भी हमारी भूमिका होनी चाहिए:** प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल आदि गतिविधियों से उनका सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास भी हो। इन विद्यार्थियों के करियर बनाने में भी हमारी भूमिका होनी चाहिए। हमें प?ाई और करियर विकल्पों के बीच ब्रिज बनने का कार्य करना चाहिए। जनजातीय विद्यार्थियों के लिए नियमित कैरियर गाइडेंस और मोटिवेशनल कक्षाओं का आयोजन करवाना चाहिए। जनजातीय कार्य विभाग की उप सचिव मीनाक्षी सिंह ने भी कार्यशाला को संबोधित किया और कहा कि अच्छे परिणाम लाने वाले प्राचार्यों से अनुभव साझा कर अन्य प्राचार्य सीखें। जनजातीय विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के बाद करियर गाइडेंस की बहुत आवश्यकता होती है। इसके लिए एलुमनी मीट का आयोजन करें और पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव विद्यार्थियों से साझा करवाएं।





# संकटः भूमि पर रेंगती मौत है मरुस्थलीकरण

## लाखों लोगों की आजीविका छीन रही यह वास्तविकता

■ वीर सिंह

भूमि पुर्नस्थापन, मरुस्थलीकरण, और सूखा प्रतिरोधकता। इस महत्वपूर्ण और चुनौती भरे विषय पर केंद्रित इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टीफिकेशन (यूएनसीसीडी) की पार्टियों का 16वां सम्मेलन रियाद में 2 से 13 दिसंबर तक होना है। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में विश्व को भूमि की सुरक्षा व जलवायु परिवर्तन के सामने मरुस्थलीकरण और सूखे से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यवाही की तत्काल आवश्यकता को पहचानने का आह्वान किया गया है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता व आजीविका के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, जिससे पारिस्थितिक रूप से सुदृढ़ भूमि प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना अनिवार्य हो जाता है। प्रत्येक बीते वर्ष के साथ, इन चुनौतियों से निपटने की तात्कालिकता और अधिक स्पष्ट हो जाती है, जिससे हमें उनके प्रभाव को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व की अनुभूति होती है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित जितने भी अंतरराष्ट्रीय दिवस हैं, उनमें पर्यावरण दिवस ऐसा है, जिसे उत्साह और चिंतन के साथ मनाया जाता है। हमारे ग्रह के भूमि संसाधनों के लिए मरुस्थलीकरण सबसे घातक खतरों में से एक है, जो चुपचाप पारिस्थितिक तंत्र, जैव विविधता और आजीविका पर अतिक्रमण कर रहा है। मरुस्थलीकरण वास्तव में भूमि पर रेंगती मौत है। एक बार यह जिस भूखंड पर रेंग जाता है, वह भूमि का मृत हिस्सा बनकर रह जाता है, वहां की मिट्टी सांस नहीं ले सकती, वहां कोई पौधा नहीं पनप सकता, वहां जीवन की खाद्य श्रृंखला टूट जाती है। मरुस्थलीकरण कोई यकायक घटी प्रलयंकारी घटना नहीं, वरन भूमि क्षरण की क्रमिक प्रक्रिया है, जिसमें वनस्पति की हानि, मिट्टी का क्षरण और जल संसाधनों की कमी सम्मिलित है। यह शुष्क, अर्ध शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों में होता है, जहां जलवायु परिवर्तन और अस्थिर भूमि प्रबंधन प्रथाएं और शहरीकरण भूमि के क्षरण में योगदान करते हैं, जिससे मरुस्थलीकरण का प्रसार बढ़ता है।मरुस्थलीकरण प्राकृतिक और मानवीय दोनों प्रणालियों को प्रभावित करते हैं। इससे पारिस्थितिक तंत्रों में जैव विविधता की हानि, मिट्टी की उर्वरता में कमी तथा सूखे और वनों की आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं की एक अटूट श्रृंखला शुरू हो जाती है। दुनिया भर के कई क्षेत्रों में मरुस्थलीकरण एक कठोर वास्तविकता बन गया है, जिससे लाखों लोगों की आजीविका को खतरा है और सतत विकास के प्रयास कमजोर हो रहे हैं। विशेष रूप से अफ्रीका में विशाल भूमि मरुस्थलीकरण की निरंतर प्रगति का शिकार हो रही है। मरुस्थलीकरण की गंभीर वास्तविकताओं के बीच कार्यवाही के लिए आशा और अवसर उपलब्ध हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने का प्रयास किया है। 1994 में अपनाया गया यूएनसीसीडी इस दिशा में एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसका उद्देश्य स्थायी भूमि प्रबंधन प्रथाओं के माध्यम से मरुस्थलीकरण का मुकाबला करना और सूखे के प्रभावों को कम करना है। पुनर्वनीकरण और वनीकरण की पहल मरू भूमि को बहाल करने और मरुस्थलीकरण को कम करने, वन्यजीवों के लिए आवश्यक आवास प्रदान करने और कार्बन पृथक्करण लाभ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कृषि वानिकी, संरक्षण कृषि और एकीकृत जल प्रबंधन जैसी टिकाऊ कृषि प्रथाएं मिट्टी की उर्वरता में सुधार लाने, सूखे के प्रति लचीलापन बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में योगदान करती हैं। स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना प्रभावी मरुस्थलीकरण शमन रणनीतियों का आवश्यक घटक है। निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और क्षमता निर्माण गतिविधियों में स्वदेशी समुदायों व छोटे किसानों सहित स्थानीय हितधारकों को सम्मिलित करके, हम विशिष्ट समाधानों को लागू करने के लिए पारंपरिक ज्ञान और विशेषज्ञता का उपयोग कर सकते हैं, जो मरुस्थलीकरण के मूल कारण का निराकरण करते हैं। मरुस्थलीकरण के विरुद्ध लड़ाई ऐसी नहीं है, जिसे रातोंरात जीता जा सके, बल्कि ठोस प्रयास, दृढ़ संकल्प और नवीनता के साथ हम धरा पर रेंगती मौत को मात दे सकते हैं।

> *मरुस्थलीकरण कोई यकायक घटी प्रलयंकारी घटना नहीं, वरन भूमि क्षरण की क्रमिक प्रक्रिया है, जिसमें वनस्पति की हानि, मिट्टी का क्षरण और जल संसाधनों की कमी सम्मिलित है। यह शुष्क, अर्ध शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों में होता है....*

# पाक-साफ होकर भी उदासी का सबब



> *वे मेरे सिर अपनी हार का ठीकरा फोड़ शांत हो जाएं तो मैं भी अपने सिर उनकी हार का ठीकरा फुड़वा उनकी हार के मिथ्या दोष से फ्री हो जाऊं...*

**निशाना/ ईवीएम**

■ अशोक गौतम

ये ईवीएम महारानी मेरे सपने में क्यों आई होगी? इसे तो उनके सपने में आना चाहिए था जो हर मतदान के बाद अपनी हार का ठीकरा उसके सिर फोड़ते रहे हैं। मैं तो हजार पांच सौ का माल लेकर मतदान महादान वाला दानी हूं। मुझ जैसों को क्या ईवीएम सौ कामड़ अब जब कोई आपके सपने और घर में आ ही जाए तो आप क्या कर सकते हैंड़ उसे धक्के मारकर अपने सपने, घर से निकाल तो नहीं सकते न ! अतिथि चाहे घर में आया हो चाहे सपने में, वह देवोभवः ही होता है।सो मैंने उसे चारपाई पर बैठा दिया, सादर। फिर उसे नार्मल करने की कोशिश करते पूछा, 'कुछ लोगी क्या ! ठंडा याज्ड़' 'नहीं ! इस वक्त मैं ठंडे से बहुत ऊपर उठी हूं। अभी किसी भी कंपनी का ठंडा मेरा दिमाग ठंडा नहीं कर सकता। देख नहीं रहे, इस वक्त मैं परेशान नहीं, कितनी अधिक परेशान हूं', कह उसने अपनी परेशानी मेरे सामने सजानी शुरू की। आह ! क्या दिन आ गए ! समाज की संवेदनाएं अर्जित करने के लिए अब अपनी परेशानियां दूसरों के सामने सजा कर रखनी पड़ रही हैं।

'अब परेशानी वाली बात क्या है सब खुश तो हैं। ऐसे में बेकार में परेशान होना हो तो होती रहो। जाओ, अब तुम भी जीते हारे नेताओं की तरह चैन से सो जाओ और मुझे भी चैन से सोने दो।' 'पर कैसेड़ जीत वाले तो अपनी जीत में मस्त होने ही थे, पर हारने वाले जीतने वालों से अधिक मस्त हैं। ये आखिर अबके हो क्या रहा हैड़ हारने वाले मुझे कोस क्यों नहीं रहे अपनी हार का ठीकरा मेरे सिर फोड़ क्यों नहीं रहे वे मेरे सिर अपनी हार का ठीकरा फोड़ शांत हो जाएं तो मैं भी अपने सिर उनकी हार का ठीकरा फुड़वा उनकी हार के मिथ्या दोष से फ्री हो जाऊं', जिसे एक बार किसी की भी हार का ठीकरा अपने सिर फुड़वाने की लत पड़ जाए उसके हाल ऐसे ही होते हैं। मित्रो !

'डियर ! मुझे तो अब हर चुनाव के बाद हारने वालों की हार का ठीकरा अपने सिर फुड़वाने की आदत-सी हो गई है। इसलिए अबके भी हारने वालों का मेरे सिर अपनी हार का ठीकरा फोड़ने की ओर ध्यान क्यों नहीं जा रहाड़ मैं उनकी हार का ठीकरा अपने सिर फुड़वाने को बेकरार हूं बंधु ! मेरा मन अशांत हो रहा है। मेरे दिमाग की नसें फटने को हो रही हैं। ऐसे में तुम ही अपनी किसी विजित हार का ठीकरा मेरे सिर फोड़ दो न प्लीज ! ताकि मेरी आत्मा को शांति मिल सके।'

## डायमंड बीचः ग्लेशियर से टूटे, रेत पर चमके सूक्ष्म हिमखंड



आइसलैंड के दक्षिण तट पर स्थित डायमंड बीच पर सूक्ष्म हिमखंडों के बीच पर्यटकों को दिखाती यह छवि हाल ही में बेथ हरपाज की ओर से मुहैया कराई गई थी। बेथ 'फॉरवर्ड' की रिपोर्टर हैं और एसोसिएटेड प्रेस की ट्रैवल एडिटर रह चुकी हैं। दरअसल, चमकदार बर्फ के टुकड़ों जैसे ये सूक्ष्म हिमखंड विशाल हिमनद से टूटकर पहले जोकुलसरलोन हिमनद के लगून में तैरते हैं और फिर धीरे-धीरे बहते हुए लगून से सटी ज्वालामुखी की काली रेत पर आ ठहरते हैं। जोकुलसरलोन हिमनदीय झील, आइसलैंड के प्राकृतिक रत्नों में से एक है। हर साल हजारों लोग जोकुलसरलोन की ओर आकर्षित होते हैं। झील की सतह का क्षेत्रफल 18 वर्ग किमी है और आइसलैंड की सबसे गहरी (814 फीट) झील है।

# परीकथाओं वाला एक द्वीप... बुखारा

■ समीर चौधरी

एक ऐसी जगह की कल्पना कीजिये जहां एक कदम आगे बढ़ाने पर आप कई सदी पीछे चले जाते हैं। एक ऐसी जगह जो बहुत अधिक पारम्परिक है, लेकिन तरोताजागी की उमंगें आपमें भर देती हैं। यह बातें सिर्फ़ बुखारा पर ही लागू नहीं होती हैं बल्कि पूरे उज्बेकिस्तान का यही हाल है। बुखारा एक ऐसी जगह है जहां टैक्सी चालक से लेकर व्यापारी तक आपकी मोलभाव करने की क्षमता की परीक्षा लेगा। अगर आप सौदेबाड़ी में असफल होकर दार्शनिक की मुद्रा में आ भी जाते हैं तो भी आपको खुश होना चाहिए क्योंकि भारतीय रुपये के मुकाबले में उज्बेक सोम बहुत सस्ता है।बुखारा कठिन सिल्क रूट पर परीकथाओं वाला द्वीप है, जो इतिहास और हेरिटेज की खुली किताब है। पुराने संसार का यह सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक व धार्मिक केंद्र था। वह ज्ञान का लाइटहाउस था। हिन्दुओं के लिए जो बनारस है, वही इस्लामी संसार के लिए बुखारा था। कुछ शताब्दियों के अंतर के कारण बुखारा का आध्यात्मिक वैभव देखने से वंचित रह गया, लेकिन अपनी यात्रा की एक दोपहर नादिर दीवान-बेगी मदरसा काम्प्लेक्स के भी? भरे आंगन में डांस परफॉर्मेंस व फैशन शो देखा तो अहसास हो गया कि बुखारा एक अलग ही अनुभव होने जा रहा है। अपने अगले आश्चर्य में एक सजे हुए पूर्व मदरसा के सामने गधे पर सवार एक व्यक्ति की मूर्ति थी, जिसे लोगों ने घेरा हुआ था। डूबते सूरज की नारंगी रोशनी मोटे पेड़ों व पुराने घरों से झांक रही है और 'व्यक्ति' की मुस्कान को अधिक चमका रही है। यह बुखारा का प्रिय मुल्ला नसीरुद्दीन है, जिसकी मनोरंजक कथाएं केंद्रीय एशिया से पृथ्वी के हर भाग में यात्रा कर चुकी हैं। अगर मुल्ला की कब्र को देखना है, तो तुर्की के अकेशीर में जाना होगा। नसीरुद्दीन की गधे पर सवार मूर्ति बुखारा के केंद्र में है जैसे ऐतिहासिक इमारतों, बाजारों, रेस्टोरेंट्स और वेंडर्स पर नजर रख रही हो। प्राचीन गलियों, नहरों व घरों को बहुत ध्यानपूर्वक बरकरार रखा गया है जैसे इतिहास की 3डी तस्वीर बना दी गई हो, जिसकी दिलचस्पी तेज, आधुनिक संसार में प्रवेश करने की है ही नहीं। जैसे रेगिस्तान के बीच में नखलिस्तान हो, लयाबी हौ? एक छोटा-सा तालाब है इस हमेशा जवान रहने वाले प्राचीन शहर में। तालाब के पास पांच बु?र्ग बोर्ड गेम खेलने में व्यस्त हैं, उन्हें पर्यटकों के आने-जाने और व्यस्त कार्य दिवस पर व्यापारियों से कोई लेना-देना नहीं है। आगे टोकि तेल्पक बा?ार के निकट सबसे विश्वसनीय हमाम था।पतली गलियों व रिहायशी मकानों के बीच बुखारा का ऐतिहासिक केंद्र बहुत अच्छे ढंग से संरक्षित है। थोड़ा पैदल चलने पर बुखारा के 400-वर्ष पुराने सिनागोग यानी यहूदियों का पूजास्थल था। सिनागोग से लगभग 3 किमी के फासले पर बहाउद्दीन नक्शबंद का मकबरा और मदरसा है, जो कि सूफीवाद का सबसे बड़ा प्रतीक है। इसकी दीवार पर लिखा है- 'दिल में खुदा है और हाथ काम में लगे हैं।' बुखारा के लोग कहते हैं कि बुखारा में सीखने को बहुत कुछ है। सच है। बुखारा अपने मेहमानों को कुछ न कुछ सिखाता अवश्य है।



– साभार

# शक्ति घाट पर श्रमदान कर जन जागरूकता अभियान चलाया



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

शासन के निर्देश अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून 2024 तक चलाया जा रहा है जिसमें निकाय क्षेत्र में स्थित विभिन्न जल स्त्रोतों नदी तालाबों कुआ,बावड़ी, तथा अन्य जल स्त्रोत के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही है जिसमें वार्ड नंबर 12 शक्ति घाट पर प्रातः 7~00 बजे से 9~00 बजे तक विशेष सफाई एवं श्रमदान का कार्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया गया। साथ ही सभी को अपने आसपास साफ सफाई रखने के लिए जागरूक भी किया गया।

जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी,पार्षद किरण बाथव,दुर्गेश उईके,मुख्य लिपिक संजय गोयल,उपयंत्री राहुल शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक अमर सिंह उइके,स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, शुभम साहू,संतोष चौहान, अर्पित कटियार, राजेश यादव, शुभम सोनी,शीला धन्यासे,किरण रघुवंशी, अमन रघुवंशी, अमित शर्मा, प्रभारी सफाई जमादार नरेंद्र गोहर, रूप सिंह राठौर, दुर्गा महोरिया, भुरू बग्गन, अनूप पवार के साथ-साथ सफाई दल एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# अपने पति के साथ इलाज कराने अस्पताल आई महिला हुई लापता

## महिला के लापता होते ही पति को मिला धमकी भरा मैसेज



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार के दिन दोपहर में लगभग 2 बजे सिवनी मालवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने पति के साथ उपचार कराने आई एक महिला अचानक अस्पताल से रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। महिला के लापता होने के कुछ देर बाद ही उसके पति को लापता हुई महिला के मोबाइल से एक धमकी भरा मैसेज मिला। महिला का पति नीतेश यदुवंशी ने बताया हमारा परिवार में जमीनी विवाद चल रहा है। मैसेज आने के बाद से पत्नी का मोबाइल बंद आ रहा है। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीसीटीवी भी चेक किए परंतु नीतेश की पत्नी शिवानी यदुवंशी कैमरे में आते हुये तो दिखाई दी लेकिन वहां से कहां गई जो एक रहस्य बना हुआ है।

इस पूरे घटना क्रम में थाना प्रभारी उषा मरावी का कहना है कि शनिवार की शाम 7 बजे महिला शिवानी के परिजन थाने आए थे। उन्होंने बताया महिला का पति नीतेश यदुवंशी के साथ अस्पताल आई थी। महिला अस्पताल के अन्दर गई पति अस्पताल के बाहर ही खड़ा था। जब महिला बहुत देर तक बाहर नहीं आई तो उसके पति ने अस्पताल में जाकर महिला की तलाश की परन्तु महिला नहीं दिखाई दी। उसके कुछ देर बाद ही महिला के मोबाइल नंबर से उसके पति के नंबर पर एक धमकी भरा मेसेज व्हाट्सएप्प पर आया । जिसमे लिखा हुआ था ÷जमीन पर से कब्ज़ा छोड़ दे, आज तो थारी लुगाई उड़ाई कल लड्डू की बारी है, ओलाद लुगाई चाहिए की जमीन थारे बाप भाई का घमंड तोडूंगा÷। पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद महिला के मोबाइल की लोकेशन हरदा जिले के आसपास की होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने गुम इंसान कायम कर सीसीडीवी केमरे की जांच की जा रही है वही आज इस मामले को लेकर पुलिस का एक दल महिला की तलाश में भी भेजा जाएगा।

## सांवरिया लायंस, केएन ग्रुप्स, सिटी सेंटर, गोयल एंड गोयल ने अपने मैच जीते

**इटारसी।** गांधी स्टेडियम में चल रहे इटारसी प्रीमियर लीग के तहत टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार के पहले मैच में सांवरिया लायंस ने पशुपतिनाथ बुल्स को 7 विकेट से हराकर लगातार दूसरे दिन जीत दर्ज की। पहले खेलते हुए पशुपतिनाथ बुल्स ने निर्धारित 8 ओवर्स में 58 रन बनाये। जवाब में सांवरिया लायंस ने 6.3 ओवर्स में 61 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले कल सांवरिया लायंस, केएन ग्रुप्स, सिटी सेंटर और गोयल एंड गोयल ने अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। गांधी मैदान में चल रही प्रतियोगिता में दूधिया रोशनी में मैच खेले जा रहे हैं। लीग आधार पर खेली जा रही प्रतियोगिता में ग्रुप मैच चल रहे हैं। बीती रात हुए मैच में मोहम्मद जाफर सिद्दीकी, सत्यम अग्रवाल, प्रशांत जैन, श्री गांधी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दूसरे दिन का पहला मैच वर्धमान वॉरियर्स और गोयल एंड गोयल के मध्य खेला गया। पहले खेलते हुए वर्धमान वारियर्स ने निर्धारित 8 ओवर्स में 62 रन बनाये। जवाब में गोयल एंड गोयल की टीम ने 6.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मैच में सिटी सेंटर की टीम ने साईं कृष्णा राइजर्स पर 4 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में केएल ग्रुप्स के 68 रनों के सामने जीनियस सुपर किंग्स 50 रन पर ही सिमट गयी तथा चौथे और अंतिम मैच में सांवरिया लायंस ने शुभ मंगल चैम्पियंस को सात रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में आमजन ने भी आगे आकर श्रमदान किया

# नदी के घाटों, पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं साफ- सफाई का अभियान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जगह-जगह नदी के घाटो की सफाई का अभियान मूर्त रूप ले रहा है। अभियान के तहत पुराने कुओं, बाबड़ियों, तालाबों एवं जल संरचनाएं जो बंद पड़ी है उनके जीर्णोद्धार का कार्य जोर शोर से शुरू हो गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान 16 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम हिमेश्वरी पटले के नेतृत्व में शनिवार को प्रात~ 7 बजे सेठानी घाट में साफ-सफाई का अभियान शुरू किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन, वालिटिंयर्स, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सेठानीघाट पर पहुँकर घाट की सफाई में अपना अमूल्य सहयोग दिया। सोहागपुर की पलकमती नदी के पुर्नजीवन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। आज नगरपालिका अधिकारी जीएस राजपूत के नेतृत?व में बड़ी संख?या में लोगो ने पलकमती नदी पहुँचकर नदी से जलकुंभी को निकाला। नदी के आसपास सफाई कर नदी से गाद एवं मिटटी को निकाला। जेसीबी से नदी गहरीकरण का कार्य भी किया गया।

जलगंगा संवर्धन अभियान से आमलोगो को जोड़ने के लिए उनके बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए एवं जलस्त्रोंतो के प्रति आमलोगो को जागरूक करने के लिए नवांकुर संस्था ने बीसारोड़ा एवं ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति ने बाईखेड़ी और बीसारोड़ा में दीवार लेखन किया।

अभियान के तहत नगर पालिका सिवनीमालवा में शहर के सभी 15 वार्डो में विशेष साफ-सफाई का अभियान चलाया। नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि विशेष सफाई अभियान के तहत शहर की नदी के शक्ति घाट पर सफाई अभियान चलाया एवं घाट पर आने वाले लोगो को साफ-सफाई के प्रति एवं घाट में गंदगी न फैलाने के प्रति जागरूक किया।

नगरपालिका परिषद पिपरिया में शनिवार सुबह शहर से सटी मछवासा नदी में जलगंगा अभियान की शुरूआत की। मछवासा नदी में श्रमदान करने के लिए जनप्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ कर सहयोग दिया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष मीना नागपाल, एसडीएम संतोष तिवारी ने नदी गहरीकण के लिए श्रमदान किया। जेसीबी मशीन से नदी का गहरीकरण किया जा रहा है। बताया गया कि नदी के गहरीकरण कार्य से जलस्त्रोत भरेंगे एवं पूरे वर्ष भर नदी में पानी स्टोर रहेगा। पार्षदगणो एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान में सहयोग किया। पिपरिया के सेक्टर 4 एवं 5 में नवांकुर संस्था ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर ग्राम के मंदिर परिसर एवं ग्राम की नालियों की साफ-सफाई की। लोगो को जागरूकता की शपथ भी दिलाई। बताया गया कि 16 जून को इन स्थानों पर वृहदस्तर पौधरोपण भी किया जाएगा।जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत जनअभियान परिषद ने बनखेड़ी में राजा वाले कुंआ पर श्रमदान किया। कुंआ का गहरीकण किया, आसपास की घास एवं कचरे को हटाया। बनखेड़ी में हनुमान मंदिर परिसर में स्थित पुराने कुंआ की साफ-सफाई की गई। कुंए में वर्षो का जल एकत्रित किए जाने हेतु रिचार्ज का कार्य भी किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत रोझड़ा में वाटर हार्वेस्टिंग सिस?टम लगाने हेतु भूमि पूजन किया गया। ग्राम गुर्रा में नाली की सफाई की गई। ग्राम टेकापार में अमृत सरोवर के आसपास साफ-सफाई का कार्य किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जासलपुर में पौधरोपण कर श्रमदान किया



**नर्मदापुरम**. जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला जासलपुर में जनपद पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें पूरे परिसर की सफाई की गई। परिसर में पौधरोपण किया गया। श्री सूत्रकार ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित जल संग्रहण संरचनाओं एवं अनुपयोगी हो चुके जल स्त्रोतो को अविरिल बनाने के लिए इन संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण किया जाकर इन्हें उपयोगी बनाया जा रहा है। साथ ही साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्राम में सड़क किनारे पड़े कचरे की सफाई की जा रही है। जनपद स्तर से प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया जा रहा है। अभी तक जासलपुर, कुलामड़ी, ब्यावरा ग्राम पंचायत का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पंचायत समन्वयक अधिकारी सीमा दुबे, सरपंच नीलू मेहरा, रोजगार सहायक प्रदीप सिंह चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुषमा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | ग्रामों में नल जल योजना, आंगनबाड़ी एवं पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण

# कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी निकले ग्रामों के भ्रमण पर, चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया , गांव वालों के बीच पहुंचकर चौपाल लगाई और उनकी समस्याएं सुनी और यथा संभव उसका वहीं पर निराकरण किया । सभी अधिकारियों ने ग्रामों में पेयजल की स्थिति, नल जल योजना, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को यथा संभव निराकरण किया ।

वरिष्ठ जिला पंजीयक राजीव कुमार ने सोहागपुर के ग्राम पामली, हथनाबढ़ का भ्रमण किया। उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्राम हथनाबड़ में ग्रामीणों ने गॉव में व्याप्त समस्याएं बताई। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन होने के बाद भी भवन में स्कूल नहीं लगता है। हथनाबढ़ से चौराहेठ तक रोड नही हैं, आनेजाने में असुविधा होती है। ग्राम में स्ट्रीट लाईट भी नही है। वहीं ग्राम पामली के ग्रामीणों ने बताया कि कृषि कार्य हेतु सिंचाई सुविधा नही है, ग्राम में नलजल योजना भी नही है। वरिष्ठ जिला पंजीयक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर उक्त समस्याओं से अवगत कराया।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ज्योति जैन सिंघई ने केसला विकासखंड के ग्राम पंचायत बांदरी, पारछा एवं



नया मालनी ग्राम का भ्रमण किया। ग्राम बांदरी में लाड़ली लक्ष्मी योजना, पेयजल की स्थिति, ऑगनबाड़ी भवन की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही ऑगनबाड़ी से मिलने वाले मैन्यू अनुसार भोजन का अवलोकन किया। ग्राम पारछा में स्कूल भवन में शौचालय की स्थिति, नलजल योजना का अवलोकन किया। ग्राम नया मालनी में लाड़ली बहना योजना रोड की स्थिति का निरीक्षण किया एवं वृद्धावस्था तथा विधवा पेंशन योजना एवं पीडीएस वितरण की स्थिति की जानकारी ली। ग्राम में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

जिला रेशम अधिकारी रवीन्द्र सिंह ने ग्राम टांगना का भ्रमण कर ग्राम में चौपाल लगाकर स्कूल एवं ऑगनबाड़ी की स्थिति का अवलोकन किया। जनपद पंचायत सिवनीमालवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति चौधरी ने ग्राम पंचायत ढेंकना, पलासी, चारखेड़ा, नोनिया का भ्रमण कर नलजल योजना का निरीक्षण किया। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण संजय द्वेदी ने सिवनीमालवा के वन ग्राम बारहशैल, बैट, नापूपुरा में चौपाल लगाकर पेयजल की स्थिति, ग्राम में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाएं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने ग्राम जमानी में निर्माणाधीन सीनियर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। नापतौल विभाग के सलिल ल्यूक ने बनखेड़ी के ग्राम परसवाड़ा, ढांडिया में पेयजल की स्थिति का निरीक्षण किया।

# रेत खदानों को प्रारंभ किए जाने हेतु खनिज विभाग ने किया लोक सुनवाई का आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में स्वीकृत रेत खदानों को शीघ्र प्रारंभ किये जाने हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए आवश्यक लोक सुनवाई का आयोजन खनिज विभाग द्वारा किया जा रहा है।

खनिज अधिकारी देवेश मरकाम ने बताया कि इसी क्रम में तहसील पिपरिया अंतर्गत रेत खदान रेवामुहारी, तहसील-सोहागपुर खसरा क्रमांक-114, रकबा-10.000हे0, ग्राम-बुचाल, तहसील-पिपरिया खसरा क्रमांक-98, रकबा -7.607 हे0 क्षेत्र, ग्राम-सिंघौडी, तहसील-पिपरिया के खसरा क्रमांक-206, रकबा 6 हे0 एवं दिनांक-07/6/2024 को तहसील बनखेड़ी में ग्राम-माल्हनवाड़ा खसरा क्रमांक-344 रकबा-10.500 हे0, ग्राम-परसवाड़ा खसरा क्रमांक-312, रकबा 15.000हे0, ग्राम-अन्हाई खसरा क्रमांक-357, रकबा 14.400 हे., ग्राम-राजा पिपरिया, खसरा क्रमांक-64, रकबा-23.572हे0, एवं ग्राम-उमरधा, खसरा क्रमांक-1498, रकबा 20.671 हे0 की जनसुनवाई संबंधित ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई। उक्त लोक सुनवाई में श्री संतोष कुमार तिवारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया, श्री बृजेन्द्र रावत अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर, श्री दिव्यांशु नामदेव तहसीलदार बनखेड़ी, तीरथ प्रसाद किरपाचे नायब तहसीलदार पिपरिया, प्रवीण कोठारी क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडीदीप जिला रायसेन, दिवेश मरकाम खनिज अधिकारी नर्मदापुरम, कृष्णकांत सिंह परस्तें खनिज निरीक्षक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें। खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 19 रेत खदानें संचालित है तथा शेष रेत खदानें शीघ्र प्रारंभ हो रही है।

# राजपूत का इतिहास श्रीराम, पृथ्वीराज चौहान और महाराणा प्रताप के बगैर अधूरा : कपिल त्यागी



## राजपूत समाज ने धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप एंव पृथ्वीराज चौहान की जंयती, निकाला भव्य चल समारोह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

राजपूत समाज,करणी सेना द्वारा कुलभूषण हिन्दू सम्राट वीर शिरोमणि क्षत्रिय महाराणा प्रताप एंव पृथ्वीराज चौहान की जंयती धूमधाम से मनाई गई। समाजजनों द्वारा कुरवाई रोड स्थित अंनत श्री गार्डन में आमसभा का आयोजन किया गया साथ ही महाराणा प्रताप एंव पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद समाजजनों द्वारा विशाल वाहन रैली के रूप में चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के छत्रीनाका चौहारा,कष्टम पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,चांदनी चौक,राज बाजार,सुभाष नगर हाजीपुर से होते हुए बासौदा नाका पहुचकर समापन हुआ। इस दौरान करणी सेना परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट दीपेश राजपूत,नगर अध्यक्ष छगन सिंह राजपूत,जिला उपाध्यक्ष गोविन्द्र सिंह राजपूत,शिव दीप राजपूत,अभिषेक राजपूत,आदित्य चौहान सहित बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

**जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत** - नगर के छत्री नाका



चौराहा पर वैष्णव बैरागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट कपिल त्यागी द्वारा अपनी टीम के साथ चल समारोह में शामिल समाजजनों एंव पदाधिकारियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि राजपूत क्षत्रियों का इतिहास भगवान श्रीराम, पृथ्वीराज चौहान और महाराणा प्रताप के बगैर अधूरा माना गया है। तीनों ने क्षत्रिय कुल में जन्म लिया और तीनों ने त्याग किया। त्याग के कारण ही आज उन्हें इतिहास और समाज में स्मरण किया जाता है। वही उन्होने ने कहा कि राजपूतों का इतिहास अग्रणी है। उन्होंने सदैव दूसरे लोगों की रक्षा की। राजपूत समाज दूसरी समाज का पथ प्रदर्शन करने वाला समाज है। इसका इतिहास शौर्य एवं वीरता से भरा है। महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महानायक है, जो महान योद्धा होने के साथ एक कुशल सेना नायक भी थे। वे विषम परिस्थितियों में भी अंतिम क्षण तक शत्रुओं से लोहा लेते रहे। इस दौरान दिनेश गोयल,मुकेश तारण,गोपाल सिंह सहित अन्य साथियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। वही नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत किया।

# गौ माता उपभोग की वस्तु नहीं है उन्हें सेवा और सम्मान मिलना चाहिए




**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पिपलेश्वर गार्डन में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. यहां पंडित सौरभ पचौरी भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। कथा का आयोजन कुशवाहा परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

कथा के छठवें दिन आचार्य सौरभ पचौरी ने कालिया मर्दन के साथ ही कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग पर कथा सुनाई. उन्होंने कहा कि भगवान जब भी धरती पर जन्म लेते हैं तो एक उद्देश्य नहीं होता बल्कि कई सारे देश को लेकर वह धरती पर अवतरित होते हैं. कथा को विस्तार देते हुए उन्होंने कहां की जहां गाय की सेवा के लिए संत महात्मा धरती पर आते हैं. वर्तमान में गौ माता की दुर्गति हो रही है गौ माता को सड़कों पर छोड़ दिया जाता है जिससे गौ माता भूखी प्यासी तड़पती रहती हैं. गौ माता उपभोग की वस्तु नहीं है बल्कि हमें गौ सेवा करना चाहिए. क्योंकि गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है और गौ माता की सेवा से ही हमें पुण्य लाभ मिल सकता है।

## जल गंगा संवर्धन के तहत जल स्त्रोंतों के संरक्षण व पुर्नजीवन के कार्य जारी

# शहरी क्षेत्रों में नालों की सफाई व नदी के घाटों को किया जा रही साफ-स्वच्छ

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट के मार्गदर्शन में नमामि गंगे परियोजना के जल गंगा संवर्धन अभियान तहत जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्र एवं जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में अभियान के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत जल संरक्षण, बावड़ी तालाबों स्टॉप डैम, कपिलधारा कूप, खेत तालाब, सामुदायिक तालाब, चेकडेम, ग्रेवियन, बोल्डर, परकोलेशन ट्रेंक सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास प्रारंभ हो गए हैं अभियान के तहत जिले की सभी जनपदों के विभिन्न ग्रामों में जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु कार्य जारी हैं।



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में जल संवर्धन के कार्यो को अंजाम दिया गया है। जिनमें जिले की नगर पालिका परिषद गंजबासौदा में नालों को साफ स्वच्छ करने के उद्देश्य से जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली की मदद से नालों की सफाई की गई है। साथ ही सिरोंज नगर पालिका परिषद में कस्टम पर नवीन नाली निर्माण तथा पंचकुइयां पर नदी में फैली जलकुंभी को निकालने का कार्य किया गया तथा नगर परिषद कुरवाई के वार्ड क्रमांक 10 में बेतवा नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया जाकर नदी में फैली गंदगी को बाहर निकाल गया है।

अभियान अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामों में भी जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का कार्य जारी है। जिले के ग्राम खामखेड़ा में मंदिर के पास तालाब का जीर्णोद्धार, ग्राम पंचायत रुसल्ली में तालाब का गहरीकरण, ग्राम पंचायत महावन में बड़ी मतगन के आश्रम के पास कुंड की साफ सफाई व जलकुंभी निकालने का कार्य किया गया तथा ग्राम पारधा में बावड़ी को साफ स्वच्छ किया गया। ग्राम सनोटी में पुष्कर धरोहर तहत बनाए गए तालाब का गहरीकरण, पचमा में होदी निर्माण, अहमदपुर कस्बा में कुआं की मरम्मत, गामखर में कूप की सफाई कार्य, बामोरीगंज में जल संग्रहण हेतु लीचपिट का निर्माण, खाईखेड़ा में कूप की मुंडेर का निर्माण, ग्राम चमरउमरिया में नदी के घाट की सफाई श्रमदान से किया गया। ग्राम दीपनाखेड़ा में स्टाप डैम की मरम्मत कार्य, ग्राम भिलाई में तालाब की सफाई, ग्राम ईश्वरबास में कुआं की सफाई तथा ग्राम पंचायत उदयपुर में अति प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार के कार्य के साथ-साथ ग्राम चांदबड़ में कुआं की सफाई सहित अन्य ग्रामों में भी जल स्त्रोतों को साफ-स्वच्छ करने का कार्य किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान तहत चलाए जा रहे अभियान तहत जल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ करने हेतु किया जा रहे कार्यों में ग्रामीण जन भी सहभागिता निभा रहे हैं।

# करीला के जंगलों में मिला नरकंकाल, हुई शिनाख्त

## पत्नी को लेने आया था मृतक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बहादुरपुर क्षेत्र के करीला क्षेत्र के जंगलों में शुक्रवार को एक नर कंकाल बरामद हुआ है। जिसकी शिनाख्त देर शाम तक हो सकी। बताया गया है कि मृतक करीब एक सप्ताह से गायब था।



दरअसल, फुटेरा गांव के चौकीदार ने शुक्रवार दोपहर में बहादुरपुर पुलिस को सूचना दी कि गांव के लालू यादव के खेत के पास एक नरकंकाल पड़ा हुआ है। कंकाल के कमर से नीचे के हिस्से में लोवर अटका हुआ था। पास में एक टी शर्ट पड़ी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल को कब्जे में लिया और बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराया। वहीं आसपास के थानों में मृतक के आसपास मिले सामान के फोटो को शिनाख्ती के लिए भेज दिया। पुलिस कंकाल को लावारिस मानकर दफनाने की तैयारी में थी कि विदिशा जिले के दीपना खेड़ा थानांतर्गत कुछ लोगों ने शव की शिनाख्त राजा पुत्र नथा बंजारा उम्र 25 वर्ष निवासी गरेंठा के सांजर मजरा के रूप में की। शिनाख्त होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। उसकी ससुराल करीला के निकट गढ़ पहरा गांव में थी। करीब एक सप्ताह पहले वह अपनी पत्नी को लेने के लिए घर से निकला था लेकिन न ही ससुराल पहुंचा और न ही घर वापिस लौटा। परिजनों ने बताया कि वह उसकी खोज बीन कर रहे थे, हालांकि इस संबंध में उन्होंने पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी।

# भोपाल संभाग सहित विदिशा जिले की वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि की नीलामी 13 को

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनव्वर पटेल द्वारा अपने कार्यकाल में कई अहम निर्णय लिए गए जिसमें एक निर्णय यह भी लिया गया कि प्रदेश में स्थित वक्फ बोर्ड की कृषि भूमियों



की खुली बोली इस वर्ष अब 3 साल के लिए पट्टा एवं लीज पर दी जाएगी जो पूर्व में एक वर्ष के लिए दी जाती थी विदिशा जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी ने बताया कि दिनांक 13/6/2024 को भोपाल वक्फ बोर्ड कार्यालय में भोपाल संभाग स्तर सहित विदिशा जिले की कृषि भूमियों की खुली बोली दोपहर तीन बजे से लगाई जाएगी जो भी कृषि भूमि लेने के इच्छुक हैं वह भोपाल वक्फ बोर्ड कार्यालय पहुंचे और वह किसी के बहकावे में ना आए और दलालों से सावधान रहें अधिक जानकारी के लिए विदिशा जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी 7869808555 एवं सिरोंज वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी 9754561810 से संपर्क कर सकते हैं।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक का आयोजन आज सीएम राइज स्कूल सिरोंज में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भोपाल उपजोन केंद्र के श्री रघुनाथ प्रसाद हजारी जी एवं जिला समन्वयक श्री मुकेश तिवारी जी और श्री राम कटियार जी ,दीदी सुमन भदौरिया ,श्री वंदना श्रीवास्तव दीदी और सौरभ गुप्ता जी और श्याम दुबे जी आदि अतिथि उपस्थित रहे,अतिथियों का स्वागत प्राचार्य श्री महेश ताम्रकार जी के द्वारा चंदन रोली का तिलक लगाकर किया गया, और गायत्री पाठ कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

जिला समन्वयक श्री मुकेश तिवारी जी ने बताया की पूरे जिले की तहसीलों में गायत्री परिवार की गोष्ठियां की जा रही हैं और तहसील की एक समन्वयक समिति का गठन किया जा रहा है जो शांति कुंज हरिद्वार से प्रसारत कार्यक्रम को यहां के गांव गांव और घर घर संदेश पहुंचाया जाएगा। जिसमें सिरोंज तहसील के समन्वयक समाजसेवी श्री रामबाबू कुशवाह को बनाया गया एवं सह समन्वय प्राचार्य श्री महेश ताम्रकार जी और सह समन्वयक संजीव माथुर शिक्षक और जिला वियोजन श्री जय नारायण सोनी जी को बनाया गया एवं 15 सदस्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित श्री सत्यनारायण शर्मा ,श्री बुंदेल सिंह कुशवाह ,संजय भार्गव, विवेक सक्सेना ,रमाकांत पुरोहित,प्रेम सिंह जादौन,आशीष नगीना जी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** पानी निकासी के लिए पाइप नहीं डाली तो बरसात का पानी घरों में घुसेगा

# निर्माणधीन हाईस्कूल मार्ग पर नपा ने डाली गिट्टी, कोपरा लेकिन पानी निकासी के लिए पाइप डालना भूली !

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के वार्ड क्रमांक 13 में हाई स्कूल से लेकर रोहिलपुरा चौराहा तक नगर पालिका द्वारा विगत दो वर्ष से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। उक्त सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किए नपा को लगभग 2 वर्ष हो चुके है लेकिन नपा द्वारा आज दिनांक तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नही किया गया। नपा द्वारा उक्त सड़क पर गिट्टी,कोपरा तो डलवा दिया गया। लेकिन बरसाती पानी निकासी के लिए जो पाइप नपा को उक्त सड़क पर डालना था वह पाइप डालना नपा के जिम्मेदार अधिकारी भूल गए और डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया।



## बरसाती पानी निकासी की नपा ने नहीं की कोई व्यवस्था

गुरूवार को वार्ड क्रमांक 13 के दर्जनों वार्डवासियों ने तहसील कार्यालय पहुचकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि हाईस्कूल से रोहिलपुरा चौराहा तक के मार्ग का नगर पालिका द्वारा डामरीकरण किया जा रहा है। मार्ग पर कोपरा पत्थर और गिट्टी के दो कोड डाल दिए गए हैं अब जमीनी तल से मार्ग की ऊंचाई 3 से 4 फिट के करीब हो गई है मगर अभी तक बरसाती पानी निकासी के लिए नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन हाईस्कूल मार्ग में पाइप नहीं डाले हैं पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से इस क्षेत्र में पहले से ज्यादा जल भराव की संरचना निर्मित हो गई है पिछली वरसातों में जल भराव होने के बाद वरसाती पानी दक्षिण से उत्तर दिशा में मार्ग को काट कर उसके ऊपर से निकलता रहा है जल भराव की स्थिति में बरसाती पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर जाता है और लंबे समय जल भराव से किसानों की फासलें भी नष्ट होती रही हैं इस क्षेत्र मे बरसाती पानी के जल भराव से यहां के निवासियों और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। आगे मार्ग का डामरीकरण होने पर मार्ग की उंचाई और भी बढ़ जाएगी। बरसात शुरु हो गई है ऐसे में बरसाती पानी से लोगों को और भी नुकसान होने की आशंका है निर्माणाधीन हाई स्कूल मार्ग के दो कोड होने के बाद भी अभी तक नगर पालिका द्वारा बरसाती पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वार्डवासियो ने मांग करते हुए कहा कि निर्माणाधीन हाईस्कूल मार्ग में पानी की निकासी के लिए पाइप डलवाई जाए। जिससे बरसाती पानी के जल भराव से लोगों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।



Life&Style

# अपने रिश्ते को बोरिंग होने से बचाएं...



*आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग एक दूसरे को समय नहीं दे पाते हैं, जिससे रिश्ते और शादीशुदा जिंदगी पर बुरा असर पड़ता है और जिंदगी बोरिंग होने लगती है. इन टिप्स की मदद से आप भी अपने रिश्ते को बोरिंग होने से बचा सकते हैं...शादी के कुछ सालों बाद ही लोगों के रिश्ते में दरार आने लगती है और रिलेशनशिप बोरिंग होने लगती है. ऐसे में अधिकतर कपल्स परेशान रहते हैं और बोरियत को दूर करने के कई तरीके ढूंढते हैं. अगर आपके साथ भी यही समस्या है, तो ये खबर आपके लिए है.*

- **सुनहरे पलों को करें याद:** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग एक दूसरे को समय नहीं दे पाते हैं, जिससे रिश्ते और शादीशुदा जिंदगी पर बुरा असर पड़ता है और जिंदगी बोरिंग होने लगती है. इससे बचने के लिए आप सबसे पहले उन रोमांटिक, सुनहरे पलों को याद करें, जो आपने अपने पार्टनर के साथ बताएं हैं. आप अपनी पहली मुलाकात, रोमांटिक डेट और साथ बिताए वह हर पल अपने पार्टनर के साथ बैठ कर याद करें.
- **पुरानी तस्वीरें देखें:** इसके अलावा आप अपनी कुछ पुरानी तस्वीर देख सकते हैं, जो आपने पहली मुलाकात में क्लिक की थी. ऐसे में आपका रिश्ता बोरिंग होने से बचेगा और दोनों के बीच में प्यार बना रहेगा. आप दोनों दोस्त की तरह हंसी मजाक या मस्ती कर सकते हैं. हंसी मजाक हमेशा इंसान के दिमाग को ताजा रखता है और इससे रिश्ता मजबूत बना रहता है. आप अपने पार्टनर के साथ कुछ गेम खेल सकते हैं.

**लॉन्ग ड्राइव पर जाएं:** यही नहीं आप बीच-बीच में लॉन्ग ड्राइव पर भी जा सकते हैं. आप चाहे तो साइकिल से जाएं, टू व्हीलर से जाएं या फिर कार से भी जा सकते हैं. जब आप लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, तो इस छोटी सी राइट में जो मजा आएगा, वह आपको हमेशा तरोताजा रखेगा और इसकी मदद से आप अपने रिश्तों को मजबूत बना सकेंगे।



**रोमांटिक मूवीज देखें:** आप चाहे तो उनके साथ कॉमेडी शो या कुछ रोमांटिक मूवीज भी हर हफ्ते देख सकते हैं. इससे दोनों के बीच में प्यार बरकरार रहेगा और रिश्तो में आ रही बोरियत दूर होगी. इसके अलावा जब भी महिलाएं अपने पति को टिफिन पैक करके दें, तो उसमें एक छोटी सी चिट्ठी पर एक नोट लिखकर भी दे सकती है. जिसमें आप दोनों के द्वारा बताएं कुछ खास पल के बारे में लिख सकती है और अपने प्यार का इजहार कर सकती हैं. ताकि पति को यह देखकर एहसास हो और वह शाम में जब लौटकर घर आए, तो अपने दिन को रोमांटिक तरीके से आपके साथ मनाएं.

### सारे मुकाबले भारत जीता, लेकिन आज की पिच बैटिंग के लिए मुश्किल

# टी-20 वर्ल्ड कप में आज 8वीं बार भारत व पाकिस्तान आमने-सामने

**नईदिल्ली, एजेंसी**

एक बार फिर वर्ल्ड क्रिकेट के सबसे बड़े शो का समय आ गया है। टी-20 वर्ल्ड कप में आज 8वीं बार भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। एक तरफ मैदान पर इंडियन फैंस के हीरोज विराट कोहली, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह होंगे। दूसरी ओर 2021 के वर्ल्ड कप में इंडिया के खिलाफ पाकिस्तान को पहली जीत दिलाने वाले बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी भी। सभी के मन में सवाल है जीतेगा कौन? क्या फिर कोहली मेलबर्न जैसी विराट पारी खेलेंगे और ऐसा सिक्स लगाएंगे जो क्रिकेट इतिहास का ग्रेटेस्ट शॉट बन जाएगा? इंडिया और पाकिस्तान में कौन प्लेयर बन सकता है गेम चेंजर और टॉस का रोल क्या होगा?



**रोहित फॉर्म** में पर पाकिस्तान के खिलाफ हाईएस्ट 30 रन आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप के मुकाबले में 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। रोहित ने 37 बॉल में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। 140.54 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। लेकिन, टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ रोहित 6 मैच खेले। 5 में बल्लेबाजी आई, लेकिन वह 4, 10, 24 और 30 रन की पारी ही खेल सकी।

### अब रोल ओपनिंग का है, क्या एक्स फैक्टर बनेंगे कोहली?

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने विराट कोहली का रोल चेंज किया है। चेज मास्टर विराट कोहली आयरलैंड के खिलाफ ओपनिंग करने आए। सिर्फ 1 रन बना सके। लेकिन, ढ्ढक्कमें कोहली की परफॉर्मेंस देखते हुए एक बार फिर कोहली के ओपनिंग उतरने की उम्मीद है। पर नसाउ की पिच लगातार गेंदबाजों को फेवर कर रही है। फिर भी इस मैच में सबसे ज्यादा नजरें विराट कोहली पर होंगी, क्योंकि वे इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ इस टूर्नामेंट कभी फेल नहीं हुए हैं। कोहली वो खिलाड़ी रहे हैं, जिनके सामने पाकिस्तान की दाल नहीं गलती। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में 5 मैचों में 308 की औसत से रन बना चुके हैं। 5 मुकाबलों में सिर्फ एक बार आउट हुए। वह भी हाफ सेंचुरी जमाने के बाद। तीन बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## जसप्रीत बुमराह: आयरलैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे

आयरलैंड के खिलाफ मिली पिछली जीत के हीरो रहे। बुमराह ने 3 ओवर में 2.00 की इकोनॉमी से महज 6 रन खर्च किए और 2 विकेट भी झटके। नसाउ की कठिन पिच पर एक बार फिर बुमराह का कमाल देखने को मिल सकता है। टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने 2 मैच खेले हैं और 1 विकेट लिया है। इकॉनमी 8 के करीब रही है।

**टी-20 में इंडिया का बेस्ट बैटर और पाकिस्तान का बेस्ट बॉलर:** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए हैं। 28 मैचों में कोहली ने 1142 रन बनाए हैं। उनके नाम 14 फिफ्टी हैं। हाईएस्ट स्कोर 89 रन है। पाकिस्तान की ओर से टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 39 विकेट शाहिद अफरीदी ने लिए हैं। मौजूदा टीम में शादाब खान ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट 26 रन पर 4 विकेट है। कोहली और शादाब दोनों ही आज मैच में नजर आएंगे।

**क्या पाकिस्तान की पेस बैटरी करेगी कमाल?:** पाकिस्तान की टीम पिछले मैच में शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह के साथ उतरी थी। अमेरिका के खिलाफ यह मैच पाकिस्तान हार गई थी। तब डलास की पिच थी, जिसमें गेंदबाजों के लिए ज्यादा मदद नहीं थी। अब मैच नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। जो गेंदबाजों के लिए मददगार है। दूसरी ओर, टी-20 फॉर्मेट में मौजूदा इंडियन टीम के टॉप ऑर्डर का लेफ्ट हैंड पेसर्स के खिलाफ रिकॉर्ड ज्यादा ठीक नहीं है। पाकिस्तान की टीम में शाहीन और आमिर जैसे 2 वर्ल्ड क्लास लेफ्ट आर्म पेसर्स हैं।

### अल्कारेज पहली बार खिताबी मुकाबले में

# फ्रेंच ओपन टेनिस: स्पेनिश खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जेनिक सिनर को हराया

**पेरिस. एजेंसी**



स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। 21 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने पुरुष एकल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जेनिक सिनर को 4 घंटे 9 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। तीसरी वरीय अल्कारेज की इस सीजन शीर्ष-5 खिलाड़ियों के खिलाफ यह तीसरी जीत है। अल्कारेज का सिनर के खिलाफ रेकॉर्ड 5-4 का हो गया है। टूर्नामेंट के फाइनल में अल्कारेज का सामना रविवार को कैस्पर रुड और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। वहीं, अल्कारेज की नजरें अब अपने तीसरे ग्रैंड स्लेम खिताब पर हैं।

### नार्वे शतरंज टूर्नामेंट

## नौवें राउंड में मिली शिकस्त, कारुआनो से पार नहीं पा सके प्रग्गनानंदा, तीसरे स्थान पर

**स्टावेंजर (नार्वे). एजेंसी**



भारत के 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा को अमरीका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ नौवें राउंड में हार झेलनी पड़ी। क्लासिकल मैच ड्रॉ रहने के बाद कारुआना ने प्रग्गनानंदा को सडन डैथ में हराया। प्रग्गनानंदा की यह लगातार दूसरी हार है और वह 13 अंकों संग तालिका में तीसरे जबकि कारुआना 10.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

### इंडोनेशिया ओपन

## क्वार्टर फाइनल में हार, बाहर हुए लक्ष्य सेन

**जकार्ता. एजेंसी**

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को शुक्रवार को यहां खेले जा रहे इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। 27 वर्षीय डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने 61 मिनट तक चले मुकाबले भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन को 24-22, 21-18 से शिकस्त दी। एंटोनसेन ने लक्ष्य के साथ कुल पांच मुकाबले खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### कपिल के शो में किया खुलासा

## अक्षय के साथ बड़े पर्दे पर काम करना चाहती हैं सानिया मिर्जा!





टेनिस की दुनिया में सानिया मिर्जा ने कई मौकों पर देश का नाम रोशन किया है। कई मुश्किलों का सामना करने के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। अन्य खिलाड़ियों की तरह उन पर भी बायोपिक बनाई जा सकती है, जिससे लोग उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों से प्रेरणा ले सकें। हाल ही में सानिया द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आईं। हालिया एपिसोड में उन्होंने बी-टाउन के लिए अपना प्यार और अपने पंसदीदा अभिनेता को लेकर भी बात की। बातचीत के दौरान सानिया ने खुलासा किया कि उन्हें अभिनेता के तौर पर अक्षय कुमार काफी ज्यादा पसंद हैं। इस एपिसोड में उन्होंने खिलाड़ी कुमार के लिए के अपना प्यार व्यक्त किया। साथ ही, बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान पर भी चर्चा की। हाल ही में सानिया मिर्जा बॉक्सर मैरी कॉम, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और शार्पशूटर सिफ्ट कौर के साथ ओटीटी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंची थीं। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ मजेदार बातचीत की। शो में कपिल शर्मा ने याद किया कि एक पुराने इंटरव्यू में शाहरुख खान ने कहा था कि वह सानिया की बायोपिक में उनके प्रेमी की भूमिका निभाना चाहेंगे। यह सुनकर सानिया हैरान रह गईं। उन्होंने कहा, लेकिन उससे पहले मुझे एक प्रेमी की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर शाहरुख जी फिल्म करते हैं तो मैं खुद की भूमिका निभा सकती हूं और अगर अक्षय कुमार इसमें रहेंगे तो मैं निश्चित रूप से यह फिल्म करूंगी। कपिल ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा ने उनकी बायोपिक में मैरी कॉम की भूमिका निभाई थी और उनकी बहन परिणीति चोपड़ा साइना नेहवाल की जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स फिल्म में नजर आई थीं।

## 'मुंजा' अभिनेत्री ने आलिया भट्ट और रानी मुखर्जी की तारीफ की



शारवरी वाघ की फिल्म 'मुंजा' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शारवरी ने साल 2021 में फिल्म 'बंटी और बबली 2' से डेब्यू किया। उनकी आगामी परियोजना में वाईआरएफ की आगामी जासूसी फिल्म शामिल हैं, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी। हाल ही में, अभिनेत्री ने आलिया भट्ट और रानी मुखर्जी की तारीफ की है। उन्होंने दोनों अभिनेत्रियों को बीच में समानता को बताया है। एक साक्षात्कार में अभिनेत्री शारवरी वाघ ने आलिया भट्ट और रानी मुखर्जी के बीच समानता को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने दोनों अभिनेत्रियों की खूब तारीफ की। शारवरी ने कहा कि इन दोनों में ही काम के प्रति एक अटूट जुनून है। उन्होंने आगे कहा, 'उनमे एक बात समान है उनके पास अपने काम के लिए एक अटूट जुनून और आग है। आप इसे न केवल तब देख सकते हैं जब वे प्रदर्शन कर रही होती हैं बल्कि तब भी देख सकते हैं जब आप उनसे मिलते हैं, मैं भी एक युवा कलाकार होने के नाते ऐसा करना चाहती हूं।'

**स्क्रिप्ट चयन की करी तारीफ:** शारवरी ने दोनों अभिनेत्रियों के स्क्रिप्ट के चयन की प्रशंसा कर कहा कि आलिया और रानी ने वर्षों से जो काम किया है, उससे पता चलता है कि उन्होंने उन सभी में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। इसी के चलते उन्होंने अपनी मौजूदा स्थिति हासिल की है। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि ये इतना आसान भी नहीं था।

## रिंकी ने कास्टिंग निर्देशकों से की गुजारिश, बोलीं- मुझे वकील और पुलिस के रोल दें

प्राइम वीडियो की चर्चित सीरीज 'पंचायत' की रिंकी यानि अभिनेत्री सानविका ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। पहले सीजन में दर्शकों को सिर्फ उनका नाम सुनने को मिला था। दूसरे सीजन में वह दर्शकों से रूबरू हुईं। इसके बाद वे सभी की पसंदीदा किरदार बन गईं। अब इस सीरीज का तीसरा सीजन आ चुका है। सचिव जी (एक्टर जितेंद्र) के साथ रिंकी की केमिस्ट्री इस सीरीज का मुख्य आकर्षण है। लेकिन, रियल लाइफ में दोनों की केमिस्ट्री कैसी है? हाल ही में सानविका ने इस बारे में बात की है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान सानविका ने जितेंद्र के साथ रियल लाइफ में अपनी बॉन्डिंग पर बात करते हुए कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। एक इंटरव्यू के दौरान सानविका से सीरीज में उनके फेवरेट को-स्टार के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि उनका हर किसी के साथ अच्छा बॉन्ड है, लेकिन जितेंद्र के साथ सबसे अच्छा है। दोनों के बीच अच्छी समझ विकसित हुई है। सानविका ने आगे कहा कि वे एक-दूसरे से ज्यादा बात नहीं करते हैं, क्योंकि वह बहुत शर्मीले हैं। और शुरुआत में वे खुद भी काफी रिजर्व थीं। सानविका ने कहा, हम अपने सीन की प्रैक्टिस किया करते थे। डायलॉग की रिहर्सल करते थे। इसके बाद जाकर परफॉर्म करते थे। सानविका के मुताबिक सीजन 3 में उन्होंने बातचीत करनी शुरू की, फिर जितेंद्र ने भी इस पर रेस्पॉन्स दिया। सानविका ने बताया कि 'पंचायत' सीरीज के बाद उन्हें काफी ज्यादा ऑफर मिल रहे हैं, लेकिन वे चाहती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें अलग किस्म के किरदार दें। अभिनेत्री ने कहा कि शुरुआत में वह काफी दुबली थीं। तब उन्हें एक जैसे रोल मिलते थे। मध्यम वर्गीय इंसानों वाले। सानविका ने कहा कि उन्हें मध्यम वर्गीय और निम्न मध्यम वर्गीय रोल करने में कोई एतराज नहीं है, लेकिन वे इनके साथ कुछ अलग तरह के किरदारों के साथ भी प्रयोग करना चाहती हैं। सानविका ने कास्टिंग निर्देशकों से अलग-अलग तरह के किरदार ऑफर करने का अनुरोध करते हुए कहा, प्लीज,अलग-अलग भूमिकाओं के लिए भी आप मेरा ऑडिशन ले सकते हैं। मैं एक अमीर इंसान, एक वकील और पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा सकती हूं... मैं अलग-अलग चीजें कर सकती हूं।



### दिवंगत अभिनेता सुशांत राजपूत के घर में गाया यह राम भजन...

## अभिनय के बाद अपनी सुरीली आवाज के लिए तारीफ बटोर रहीं अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा नए फ्लैट में शिफ्ट हुई हैं। यह वही फ्लैट है, जहां दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत रहा करते थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घर में अदा ने कई बदलाव कराए हैं। अदा शर्मा ने अपने अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। 1920 से डेब्यू करे के बाद कमांडो 2, कमांडो 3 और सेल्फी जैसी फिल्मों में काम किया। इसके बाद 2023 में फिल्म द केरल स्टोरी ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। इस फिल्म में वह शालिनी उन्नीकृष्णन की भूमिका में दिखीं। उनके अभिनय से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन इस वक्त सोशल मीडिया पर अदा की गायिकी की तारीफ हो रही है।

### भक्ति विभोर होकर गाया भजन

अदा शर्मा हाल ही में मुंबई में नए अपार्टमेंट में शिफ्ट हुई हैं। यह वही अपार्टमेंट है, जहां दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत रहा करते थे। अभिनेता का निधन इसी घर में हुआ। इसके बाद इस घर को लेकर तमाम अफवाहें फैलीं। काफी वक्त तक इस घर को किराएदार नहीं मिले। मगर, अदा शर्मा ने इस घर में शिफ्ट होने का फैसला लिया। अभिनेत्री यहां रह रही हैं और उन्हें यहां काफी सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो रही है। इस घर से अदा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे राम भजन गाती दिख रही हैं।

### यूजर्स दे रहे दुआ

अदा शर्मा अपने घर के मंदिर के सामने बैठी नजर आ रही हैं। वह भक्ति विभोर होकर सुरीली आवाज में राम भजन गा रही हैं। सफेद रंग के परिधान में अदा की सादगी भी दर्शकों को प्रभावित कर रही है। यह वीडियो विरल भियानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की है। इस पर यूजर्स अदा की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

## जल, गंगा, सर्वर्धन अभियान




**भोपाल।** रविवार को मोतिया तालाब पर जल, गंगा, सर्वधन अभियान के तहत स्त्रोंतों की साफ सफाई, एवम सामूहिक श्रमदान किया इस अवसर पर महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किसन सूर्यवंशी, एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, जोन अध्यक्ष विनिता सोनी, पार्षद प्रियंका मिश्रा जोन अध्यक्ष बाबू लाल यादव, जोन समाज सेवी, रहवासी, अधिकारी एवं नगर निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शादी के दो महीने बाद ही नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित भास्कर चौराहा सुंदर नगर में रहने वाली नव विवाहिता ने कल शनिवार शाम फांसी लगा ली। घटना के समय वह घर पर अकेली थी, जबकि पति बाहर गया हुआ था। शाम को पति घर लौटा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नव विवाहिता की लाश पीएम के लिएण् मर्चूरी भेज दी है। आज बैतूल से परिजन के भोपाल पहुंचने पर शव का पीएम कराया जाएगा।



पुलिस के अनुसार सोनम सोलंकी पति संजय पवार (25) मूलतः बैतूल जिले की रहने वाली थी। उसके दो महीने पहले ही संजय पवार से शादी हुईड़थी। नव दंपती यह भास्कर चौराहा सुंदर नगर अशोका गार्डन में किराए से रहते थे। संजय ने पुलिस को बताया कि उसकी निजी बैंक में फायनेंस शाखा में नौकरी लगी थी। इसी के सिलसिले में वह बैंक गया हुआ था। घर पर पत्नी सोनम अकेली थी। उसने सोनम को शाम को कॉल किया, लेकिन सोनम कॉल रिसीव नहीं कर रही थी। बार-बार कॉल करने पर भी जब कॉल रिसीव नहीं हुआ तो पति घर पहुंचा था। इस दौरान उसने सोनम को फांसी के फंदे पर लटका देखाड़था। घटनास्थर पर पहुंची पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी से सोनम की लाश की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है।

## युवती ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाई



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता नगर फेस-टू, करोंद में शनिवार रात एक युवती ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज युवती का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार इकरा पिता मेहबूब अली (18) मकान नंबर 88, फेस टू, जनता नगर करोंद में रहती थी। परिजन ने उसे कल शनिवार रात करीब साढ़े बजे फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने इकरा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मर्चूरी में रखवा दिया है। आज पुलिस परिजन के बयान दर्ज करेगी। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण किया जाएगा।

## पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हा सइया में शनिवार सुबह पेड़ पर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक ने रस्सी का फंदा बनाकर पेड़ पर फांसी लगाई है। वह केवल जींस पहने हुए है और ऊपर की शर्ट नहीं है। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। हुलिया देखकर वह मध्यम वर्ग परिवार का लग रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। एसआई साहब सिंह इवने ने बताया कि कान्हासइया में ललवानी जी का खेत है। खेत की मेड़ पर पेड़ लगा हुआ है। उसी पेड़ पर शनिवार सुबह एक युवक की लाश कुछ लोगों ने पेड़ पर रस्सी के फंदे के सहारे लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लाश पीएम के लिए भेज दी। मृतक की तलाशी लेने पर ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। मृतक की लाश करीब एक दिन पुरानी होने का अनुमान है कि उसकी उम्र तीस से पैती साल के आसपास बताई जा रही है।

## घर के सामने से लापता मासूम को पुलिस ने किया बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में घर के सामने खेलते समय एक छह साल का बच्चा लापता हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने बच्चे की तलाश की और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली महिला ने शनिवार को पुलिस से शिकायत की कि उसका छह साल का बालक घर के बाहर खले रहा था। दोपहर करीब 12 बजे खेलते समय कहीं चला गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम ने बच्चे के लापता होने की जानकारी आसपास के थानों को दी और टीम बनाकर इलाके में तलाश शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को खुशीपुरा इलाके से सकुशल बरामद कर लिया गया। वह खेलते समय घर से काफी दूर निकल गया था। बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द किया गया और बच्चे की ठीक से देखभाल करने की समझाइश दी गई।

## नाबालिग छात्र के गले से चांदी की चेन झपटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



नवाब टी स्टाल के सामने बदमाश ने दसवीं कक्षा के छात्र के गले से चांदी की चेन झपट ली। घटना 7 जून की रात करीब साढ़े 9 बजे की है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पहुंची थी, लेकिन आरोपी घर के गेट पर ताला लगाकर परिवार समेत फरार हो गया। पुलिस के अनुसार पीयूष पिता संतोष भालसे (16) सुंदर नगर अशोका गार्डन में रहता है और दसवीं कक्षा में पड़ता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 7 जून की रात वह अपने दोस्त के साथ अस्सी फीट रोड से बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान नवाब टी स्टाल के सामने अस्सी फीट रोड पर उसे तौकीब मिला। तौकीब ने को पीयूष जानता है। तौकीब ने उसे रोका और वह रुक गया। तौकीब पीयूष से कहने लगा कि गले में पहने चेन चाहिए। पीयूष ने कहा कि चेन नकली है। इस पर तौकीब कहने लगा कि असली हो या नकली चेन चाहिए। पीयूष ने कहा कि भाई मेरी बहन की शादी है और चेन की मुझे शादी में पहननी है। यह सुनते ही आरोपी ने झपट्टा मारा और चेन छीनकर फरार हो गया। पीयूष ने घटना की शिकायत अशोका गार्डन थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने एक दिन बाद 8 जून को पीयूष की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया। लूटी गई चेन की कीमत 7 हजार रुपए बताई जा रही है।

## सस्पेंड आरक्षक शादी में हर्ष फायर करते आया नजर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजधानी के कोलार थाने में पदस्थ रहे आरक्षक उपेंद्र सिंह का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरक्षक एक कार्यक्रम में वह पिस्टल से फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है। उसके पीछे मौजूद एक अन्य व्यक्ति राइफल थामे हुए है। यह हथियार अवैध हैं या वैध है इसी इसकी जांच की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने वीडियो की जांच के आदेश एसपी को दिए हैं। जांच के बाद आरक्षक पर कार्रवाई तय की जाएगी। आरक्षक उपेंद्र सिंह 3 महीने पहले तक थाना कोलार में पदस्थ रहा है। सैकड़ों लोगों से जालसाजी करने वाले सुनील टिबरेवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया था। 3 फरवरी 2023 में टेबरीवाल के हिरासत में होने के दौरान उपेंद्र ने उससे बदसलूकी की थी। यह देख ड्यूटी पर मौजूद एसआई जितेंद्र केवट ने आरक्षक को समझाने का प्रयास किया था। तब आरक्षक ने उनके साथ बदसलूकी की थी। इसकी रिपोर्ट एसआई रोजनामचा में दर्ज की थी। इसकी जांच के बाद पांच फरवरी 2024 को तत्कालीन डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने आरक्षक को सस्पेंड कर दिया था। फिलहाल आरक्षक डीआरपी लाइन में पदस्थ है।

**सीपी ने जांच के आदेश दिए:** पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में है। अब तक की जांच में यह सामने आया कि वीडियो तीन महीने पुराना है। मामले की जांच का जिम्मा डीसीपी जोन-4 सुंदरसिंह कनेश को सौंपा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैपन अवैध पाए जाने पर आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कराया जाएगा।

## सीढ़ियों से गिरकर घायल युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिलखिरिया इलाके में सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र सोनी पुत्र रामनारायण (40) ग्राम कान्हासैया बिलखिरिया में रहता था और प्रायवेट काम करता था। उसे मिर्गी की बीमारी थी। बीती 28 मई को देवेंद्र सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की शाम को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। इधर, नजीराबाद पुलिस ने बताया कि निरंजन मोंगिया (15) मूलतः ग्राम मुगलखेड़ी थाना कुरावर जिला राजगढ़ का रहने वाला था। बीती 10 अप्रैल को नजीराबाद में इलाके में वह बाइक फिसलने से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए निशातपुरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी

## फरियादी का भाई व दोस्त ही निकला चोर

### 10लाख का सोना और 52 हजार नकदी चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

**इटारसी सराफा बाजार चोरी**

पुलिस ने महज 24 घंटे में ही सराफा बाजार हुई चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोर फरियादी के रिश्ते का भाई है व उसके साथी दोस्त है। गौरतलब है कि शहर के सराफा बाजार में 6 और 7 जून की दरमियानी रात में दो नकाबपोशों ने पांचवी लाइन स्थित मनोज स्वर्णकार की दुकान से जेवर बनाने हेतु विभिन्न सराफा व्यवसायियों से प्राप्त लगभग 140 ग्राम सोना कीमती 10लाख व 52000 नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। यह चोरी रात्रि पुलिस गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था में प्रश्न चिन्ह था। लिहाजा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुखबिर तंत्र मजबूत किया, और सीसीटीवी में कैद वीडियो को टटोलते हुए आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। चोरो ने जहां वारदात को अंजाम दिया था, वही बाजू में साहू ला चेम्बर है। अधिवक्ता रमेश साहू ने अपने कैमरे देखे जिसमे चोरी करते हुए दो नकाबपोश चोर दिखाई दिए, इन फुटेज की मदद से पुलिस को भी इन चोरो तक पहुंचने में मदद मिली। थाना प्रभारी गौरब सिंह बुंदेला ने बताया कि घटना के बाद से ही एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में टीमे गठित कि गई थी, जिसके बाद आरोपी लालू स्वर्णकार, रुपेश दास,शिवम् चौहान के साथ ही एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है, आरोपियों ने जुर्म कबूल कर चोरी गए जेवर भी बरामद कराये है।

**मेट्रो एंकर** | एमपी नगर की घटना, पुलिस ने किया मामला दर्ज

# बीसीसीएल की बस में गेट पर खड़े जेबकटों ने कंडक्टर पर किया चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** एमपी नगर थाना क्षेत्र में बीसीसीएल की बस कंडक्टर पर जेबकटों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास की है। पुलिस ने कंडक्टर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार गांधी नगर से मंडीदीप के बीच चलने वाली बीसीसीएल टीआर 4 बी बस में राजेश राजपूत ड्राइवर और कंडक्टर नितिन साहू थे। शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे वे बस सवारियों को लेकर मंडीदीप से गांधी नगर की ओर जा रही थी। रानी कमलापति स्टॉप पर बस से सवारियां उतरने लगीं तो बस में ही सवार तीन बदमाशों ने गेट पर खड़े हो गए। उनके गेट पर खड़े रहने के कारण गेट से यात्रियों को उतरने में समस्या हो रही थी। इधर आरोपी गेट पर जेब काटने की मंशा से खड़े थे। कंडक्टर नितिन साहू ने जेबकटों से गेट से हटने का कहा तो वह भड़क गए और नितिन साहू से गालीगलौज करते हुए चाकू से हमलाक र दिया। चाकू लगने से नितिन साहू की कलाई, कोहनी व पीठ पर चोट आई है। यदि नितिन साहू आरोपियों के वार नहीं हाथ से नहीं रोकता तो उसकी जान को खतरा हो सकता था।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022